रोहतक
शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 63
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 39.2
न्यून. 11.8

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,295.36 | 322.08 ▼ |
| निफ्टी | 23,250.10 | 82.25 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी/मंदी |
|---|---|---|
| सोना | 94,350 /- | 200/- ▲ |
| चांदी | 1,00,500/- | 1000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 85.30 | 22 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 71.88/ बैरल | 4.10% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## आईपीएल में आज



लखनऊ सुपर
V/S
मुंबई इंडियंस
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
लखनऊ

# 13 घंटे तीखी बहस के बाद वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा में भी पास, समर्थन में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े

**दोपहर एक बजे शुरू हुई चर्चा, रात 2 बजे तक चली। अब राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही कानून लागू होगा। एक दिन पहले लोकसभा में पास हुआ था बिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को देर रात करीब 2.30 बजे राज्यसभा में भी पेश हो गया। बिल के समर्थन में 128 वोट पड़े, जबकि विरोध में 95 वोट पड़े। अब बिल को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही देश में यह कानून लागू हो जाएगा। बता दें कि एक दिन पहले यह बिल लोकसभा में भी पास हो चुका है। गुरुवार को राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बिल पेश किया। दोपहर 1 बजे से शुरू हुई तीखी बहस देर रात 2 बजे तक चली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का मकसद वक्फ की जमीन के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। वहीं, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा सदस्य आरोप साबित करें या इस्तीफा दें और अगर आरोप सही हुए तो वह इस्तीफा दे देंगे। खरगे ने कहा कि अगर भाजपा के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। ठाकुर ने कर्नाटक में कई कांग्रेस नेताओं पर वक्फ संपत्तियों में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि विपक्षी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम भी इसमें आया है। खरगे ने कहा-मेरी किस्मत अच्छी है कि मुझे सुनने के लिए गृहमंत्री भी हैं।

*भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, वक्फ संशोधन बिल का मकसद वक्फ की जमीन के प्रबंधन में पारदर्शिता लाना है, ताकि दुरूपयोग पर काबू पाया जा सके और 'मलाई खाने' वाले जमीन माफिया पर रोक लग सके। यह विधेयक राष्ट्र के हित में है। मौजूदा कानून से मुसलमानों को नुकसान हो रहा था और जमीन माफिया मलाई खा रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे ऐसे 'मलाई खोरों' से दूर रहने को कहा।*

### जद(यू) दो नेताओं का इस्तीफा

- जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद कासिम अंसारी व नवाज मलिक ने विधेयक का समर्थन करने के पार्टी के रुख की आलोचना की। उन्होंने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा भी दे दिया।
- बीजू जनता दल (बीजद) ने कहा है कि पार्टी ने सांसदों को व्हिप जारी नहीं किया। सांसद अपनी अंतरात्मा की सुने और फैसला लें।
- नड्डा ने विपक्ष के रुख पर निशाना साधा व कहा-हमने यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर ज्यादा गंभीरता दिखाई।
- भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि वक्फ ने जो एक बार ताजमहल पर भी अपना दावा कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। तब जाकर माने थे।



### बिल संविधान पर हमला : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की प्रमुख सोनिया गांधी ने सरकार पर वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में मनमाने ढंग से पारित कराने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है तथा यह समाज को स्थायी ध्रुवीकरण की स्थिति में बनाए रखने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने संसद भवन परिसर में सीपीपी की बैठक में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' संबंधी विधेयक, मनरेगा, संसद में गतिरोध और कई अन्य विषयों को लेकर सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखे प्रहार किए।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में कल से शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की आयुष्मान भारत योजना में 'सबसे गरीब लोगों' को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के तहत 10 अप्रैल तक एक लाख लोगों को शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य दिल्ली के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि योजना के तहत लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। भाषा

### कर्नल मारपीट मामले की जांच के आदेश दिए

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सेना के कर्नल पर हमले की जांच चंडीगढ़ पुलिस को सौंप दी और साथ ही चार महीने के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश भी जारी किए। उच्च न्यायालय ने यह निर्देश सेना के कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाथ की याचिका पर दिया है। कर्नल बाथ ने पंजाब पुलिस के 12 कर्मियों पर पार्किंग विवाद को लेकर उन पर और उनके बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया है। भाषा

### गांवों में अब सुबह 8 से 6:30 बजे तक बिजली कट

**चंडीगढ़।** प्रदेश के सभी गांवों में फसलों की कटाई को ध्यान में रखते हुए 2 अप्रैल से 1 मई तक बिजली कटौती लागू रहेगी। इस अवधि में प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। ग्रामीण उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे इस शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां कर लें।

### अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार

**अंधेरी।** मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचो की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी शार्प शूटर्स हैं। एजेंसी

### हरियाणा का एजेंट फर्जी वीजा मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश यात्रा का प्रयास कर रहे लोगों के लिए पोलैंड के फर्जी वीजा की व्यवस्था करने वाले हरियाणा के 36 वर्षीय एजेंट को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान गगनदीप सिंह के रूप में हुई है। वह 2021 में दर्ज वीजा धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित था। मामले में एक अन्य एजेंट कुलविंदर की गिरफ्तारी के बाद से वह फरार था। कुरुक्षेत्र का गगनदीप आदतन अपराधी है, जो एयरपोर्ट पर वीजा धोखाधड़ी के दो अन्य मामलों में शामिल था। भाषा

### सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में गुरुवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सिस्मोलॉजी सेंटर के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंपसुबह 11.22 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के सांगोला के पास 5 किलोमीटर की गहराई में था।

### बदलाव 9 अप्रैल से लागू, भारत के कुछ क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने के आसार

# ट्रंप ने भारत पर लगाया 27% का जवाबी शुल्क

- अमेरिका बोला, व्यापार घाटा कम करने के लिए उठाया कदम
- अमेरिकी वस्तुओं पर भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है
- विशेषज्ञ बोले, भारत अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर
- अन्य देशों के मुकाबले भारत पर बेहद कम शुल्क लगाया



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन/नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका ने भारत पर 27% का जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन का मानना है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है, ऐसे में अब देश के व्यापार घाटे को कम करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। हालांकि, इस कदम से अमेरिका को भारत के कुछ क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने के आसार हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर है, क्योंकि अन्य देशों की तुलना में भारत पर लगाया गया शुल्क कम है। इन देशों में बांग्लादेश (37%), चीन (54%), वियतनाम (46%) व थाइलैंड (36%) शामिल हैं, जिन्हें बढ़े हुए शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्क दरों का मुकाबला करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाया है।

**अमेरिका ने 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने का ऐलान किया**

*(पेज 4 और 8 भी देखें)*

### यह मुक्ति दिवस, अमेरिकी उद्योग का पुनर्जन्म

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस के रोज गार्डन से विभिन्न देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा, 'यह मुक्ति दिवस है, एक लंबे समय से प्रतीक्षित क्षण। दो अप्रैल, 2025 को हमेशा के लिए उस दिन के रूप में याद किया जाएगा, जिस दिन अमेरिकी उद्योग का पुनर्जन्म हुआ, जिस दिन अमेरिका के भाग्य का पुनः उदय हुआ, जिस दिन हमने अमेरिका को फिर समृद्ध बनाने का काम शुरू किया। हम अमेरिका को समृद्ध, अच्छा और समृद्ध बनाने जा रहे हैं।' 'अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिल पर केवल 2.4 प्रतिशत शुल्क लेता है।

**डोनाल्ड ट्रंप बोले**
मोदी अच्छे दोस्त लेकिन टैरिफ पर व्यवहार अच्छा नहीं। अब नौकरी और कारखाने अमेरिका में लौटेंगे। अगर कोई कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है तो उसे अमेरिका में ही अपने प्रोडक्ट बनाने होंगे। इससे हमारा विकास होगा।

### भारत ने कहा, यह झटका नहीं

वाणिज्य मंत्रालय अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर लगाए गए 27 प्रतिशत के जवाबी शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि यह कोई झटका नहीं है और वाणिज्य मंत्रालय इस जवाबी शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रहा है।
**यह कहा फियो ने :** निर्यातक संगठनों के महासंघ फियो ने कहा कि भारत पर लगाया गया 27% शुल्क निःसंदेह घरेलू निर्यातकों के लिए चुनौती है, लेकिन भारत की स्थिति अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में तुलनात्मक रूप से बेहतर है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने यह जानकारी दी।

### टैरिफ क्या है...

टैरिफ एक तरह की बॉर्डर फीस या टैक्स होता है, जो कोई भी देश विदेशों से अपने यहां आने वाले सामान पर लगाता है। यह टैक्स आयात करने वाली कंपनी पर लगाया जाता है। इसे घटा-बढ़ाकर ही देश आपस में व्यापार को कंट्रोल करते हैं।

### रेसिप्रोकल टैरिफ

| देश | अमेरिका पर टैरिफ | अमेरिका जवाबी टैरिफ |
|---|---|---|
| कंबोडिया | 97% | 49% |
| वियतनाम | 90% | 46% |
| भारत | 52% | 27% |
| चीन | 67% | 34% |
| थाईलैंड | 72% | 36% |
| बांग्लादेश | 74% | 37% |
| श्रीलंका | 88% | 44% |
| ताइवान | 64% | 32% |
| इंडोनेशिया | 64% | 32% |
| द. अफ्रीका | 60% | 30% |
| पाकिस्तान | 58% | 29% |
| मलेशिया | 47% | 24% |
| जापान | 46% | 24% |
| यू.यूनियन | 39% | 20% |

### भारत बहुत सख्त

ट्रंप ने शुल्क की घोषणा करते समय एक चार्ट दिखाया, जिसमें देशों द्वारा लगाए गए शुल्क के साथ-साथ जवाबी शुल्क भी दर्शाए गए थे। चार्ट ने संकेत मिलता है कि भारत ने मुद्रा में 'छेड़छाड़' और व्यापार बाधाओं सहित 52% का शुल्क लगाया है। ट्रंप ने कहा 'भारत बहुत, बहुत सख्त है। बेहद सख्त है। प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा, आप हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

### विपक्ष का सरकार पर हमला

कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने अमेरिकी शुल्क को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला और कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार देशहित के लिए खड़ी हो। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस विषय को उठाया और सरकार से इस पर जवाब देने को कहा।

**खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में गेहूं खुर्द-बुर्द के मामले में फैसला**

## कैथल में इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर को 3 साल कैद

- 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी देना होगा
- जुर्माना न देने पर 3 माह की अतिरिक्त सजा

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** कैथल की अदालत ने लाखों रुपये के गेहूं को खुर्द-बुर्द करने के मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के तत्कालीन इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को तीन-तीन साल की कैद और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 3 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में तत्कालीन जेएमआईसी अंबरदीप सिंह की अदालत ने इन दोनों को 2017 में बरी कर दिया था। इस बारे में डीएफएसओ केके बिश्नोई की शिकायत पर थाना कलायत में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। स्टेट की ओर से पैरवी उप जिला न्यायवादी जेबी गोयल ने की।

### 5776 कट्टे कम मिले थे

गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार 12 दिसंबर 2011 को कलायत केन्द्र पर भंडारित गेहूं का स्टाक कम पाया गया। इससे विभाग को 8445034 रुपये की हानि हुई। कुल भरे हुए गेहूं के 5776 कट्टे कम मिले। इसके लिए गजे सिंह निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, चेतन स्वरुप उपनिरिक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, मनोज कुमार श्रम ठेकेदार पीआर केन्द्र कलायत, रविन्द्र कुमार बीसीपीए कलायत मंडी व चौकीदार को जिम्मेदार ठहराया गया। निचली अदालत ने गजे सिंह व चेतन स्वरूप को बरी कर दिया था। हालांकि इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के अतिरिक्त मनोज कुमार रविन्द्र और एक चौकीदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस ने केवल इंस्पेक्टर गजे सिंह और सब इंस्पेक्टर चेतन स्वरूप का ही चालान कोर्ट में पेश किया। एडीजे अमित गर्ग की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद निचली अदालत का फैसला बदल दिया व इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को दोषी करार देते हुए दोनों को 3-3 साल के कारावास और 10-10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

## डीएनए रिपोर्ट पितृत्व साबित करती है, सहमति का अभाव नहीं: हाईकोर्ट

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



दुष्कर्म के आरोपित को किया बरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि डीएनए रिपोर्ट से केवल पितृत्व साबित होता है, सहमति का अभाव नहीं। इसी के साथ उसने दुष्कर्म के जुर्म में 10 साल की जेल की सजा पाने वाले व्यक्ति को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि डीएनए रिपोर्ट से भले ही यह साबित हो गया कि महिला की कोख से जन्मे शिशु का जैविक पिता आरोपित ही है, लेकिन गर्भावस्था अकेले बलात्कार का अपराध सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है, जब तक कि यह भी न साबित किया जाए कि संबंध सहमति के बिना बनाया गया था। यह एक सर्वविदित कानून है कि आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 376 (बलात्कार) के तहत अपराध की सिद्धि सहमति के अभाव पर टिकी हुई है। फैसले के मुताबिक, घटना से जुड़ी परिस्थितियों ने अभियोजन पक्ष के मामले को अत्यधिक असंभाव्य बना दिया है। न्यायमूर्ति महाजन ने फैसले में इस संभावना से भी इनकार नहीं किया कि बिना किसी स्पष्टीकरण के देरी से दर्ज की गई प्राथमिकी "सामाजिक दबाव का नतीजा" हो सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने सीजेआई संजीव खन्ना की मौजूदगी में संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है। जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है।

**पूरी जानकारी वेबसाइट पर की जाएगी अपलोड**

## अब पीएफ से पैसे निकालने के लिए कैंसिल चेक जरूरी नहीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



ईपीएफओ ने विड्रॉल प्रोसेस में बदलाव किया

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने पीएफ खाते की क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया में बदलाव किया है। कर्मचारियों को अब पैसे निकालते समय नाम वेरिफाई कराने के लिए कैंसिल चेक या बैंक पासबुक की इमेज अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही पीएफ अकाउंट खोलते समय यूएएन में बैंक सीडिंग प्रक्रिया से एम्प्लॉयर के अप्रूवल को भी हटा दिया है। ईपीएफओ सदस्य अब आधार ओटीपी के जरिए बैंक अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड वेरिफाई कर सकेंगे। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को एक्स पोस्ट के जरिए नए बदलावों की जानकारी दी है। इस कदम से आठ करोड़ अंशधारकों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में तेजी आएगी। वर्तमान में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को पीएफ खातों से ऑनलाइन धनराशि निकालने के लिए आवेदन करते समय, यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) या पीएफ संख्या से जुड़े बैंक खाते की चेक या पासबुक की सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होती है।

## दिल्ली-एनसीआर में एक वर्ष तक पटाखों पर रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा-वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा, सभी एयर प्यूरी फायर नहीं लगा सकते, - खतरनाक प्रदूषण का सामना कर रही दिल्ली

### पाबंदी का फैसला ठीक नहीं

सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश सिंह ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है।

**दौरा** थाई की पीएम पैंतांगतार्न के साथ प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय वार्ता

*दुनिया की सबसे युवा पीएम से मिले मोदी दोनों ने साथ रामायण देखी, कई करार*

## भारत-थाईलैंड ने हिंद प्रशांत में नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन किया

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| बैंकाक/नई दिल्ली

भारत और थाईलैंड ने अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का बृहस्पतिवार को फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त, समावेशी और नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन करते हैं और विस्तारवाद के बजाय विकास की नीति में विश्वास करते हैं। मोदी ने यह टिप्पणी थाईलैंड की अपनी समकक्ष पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस सम्मेलन में की। इस वार्ता के दौरान उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की। मोदी ने शिनावात्रा के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा, हमने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया है। हमने आपसी व्यापार, निवेश और व्यवसायों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एमएसएमई, हथकरघा और हस्तशिल्प में सहयोग के लिए भी समझौते किए गए हैं। बता दें कि थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) की हैं। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं।



दोनों देशों के बीच एक संयुक्त घोषणापत्र और 5 एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर।

**थाईलैंड का विशेष स्थान :** मोदी ने कहा कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण में थाईलैंड का विशेष स्थान है। मोदी ने कहा, आज हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच 'रणनीतिक वार्ता' स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। भारत आसियान में एकता और केंद्रीयता का पूर्ण समर्थन करता है।

### रणनीतिक साझेदारी में तब्दील हुए संबंध

मोदी और पैतोंगतार्न शिनावात्रा के बीच आपसी संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी मुद्दों (राष्ट्रीय रक्षा, सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद, धनशोधन, पर्यटन, संस्कृति) पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही दोनों शीर्ष नेताओं ने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के रूप में बदलने का निर्णय लिया है। साथ ही डिजिटल तकनीक, एमएसएमई, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स में सहयोग के लिए 5 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया, बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 28 मार्च को थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप में हुई जनहानि के लिए भारत के लोगों की तरफ से संवेदनाएं प्रकट की। (पेज 8 भी देखें)

## खबर संक्षेप



### धतोगड़ा व. मा. विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया

**चंडीगढ़।** धतोगड़ा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया और नामांकन की मुहिम चलाई गई। प्रवेश अभियान को मजबूत बनाने के लिए घर घर दस्तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। गांव में अध्यापकों द्वारा घर घर जाकर सरकारी स्कूलों द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है। स्कूल प्रिंसिपल का दावा है कि तीन दिनों के अभियान में 50 से अधिक नए विद्यार्थियों का प्रवेश कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्रमती सीमा ने नए प्रवेश पर संतोष जाहिर किया और तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने प्राचार्य श्रीमती मीना व स्टाफ द्वारा बनाए गए कार्नर की सराहना की। रंग बिरंगे पत्थरों और झंडियों द्वारा सजाया गया था।

### 35 एकड़ खाली करवाई गई भूमि पर संग्रहालय या पार्क बनाया जाए : सैलजा

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने वीरवार को लोकसभा में शून्य काल में केंद्रीय मंत्री पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मांग की है कि हरियाणा के सिरसा थेहड़ की खाली करवाई गई 35 एकड़ भूमि को ही पुरातत्व विभाग की मानते हुए उक्त स्थान को विकसित कराते हुए वहां पर पार्क या संग्रहालय बनाया जाए, विस्थापित किए गए 713 परिवारों को पुनः विस्थापित किया जाए और शेष बची 50 एकड़ भूमि को डिनोटिफाइड किया जाए।



## डीसी और एसडीएम को समाधान शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश

# सीएम ने शिविरों का फीडबैक लिया, फतेहाबाद डीसी से पूछा- इतनी कम शिकायतें क्यों आ रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को समाधान शिविर में अधिकारियों से पूछा कि समाधान शिविर में इतनी कम शिकायतें क्यों आ रही है। या तो लोग शिकायत करना नहीं चाहते, या फिर वह पूरी तरह संतुष्ट है।

उन्होंने कम शिकायतें आने पर हैरानी भी जताई। सीएम ने यह भी पूछा कि समाधान शिविर में कौन-कौन भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित है। तब शिविर में मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा व मन की बात कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट भारत भूषण गर्ग ने भी सीएम को फीडबैक दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फतेहाबाद में आयोजित समाधान शिविर में जुड़े और उपायुक्त से शिकायतें कम आने बारे जवाब मांगा। जवाब में उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन औसतन 6 से 7 लोग अपनी शिकायतें लेकर आ रहे हैं। यहां आने वाली 95 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

### अक्टूबर से मार्च तक 18,925 शिकायतों में से 10,955 का समाधान



मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और एसडीएम से प्राप्त शिकायतों, निपटाई गई शिकायतों और लंबित शिकायतों की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से मार्च 2025 तक सभी जिलों में समाधान शिविरों में प्राप्त 18,925 शिकायतों में से 10,955 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 6,639 लंबित हैं और 1,331 को खारिज कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यभर में शहरी स्थानीय निकायों में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त 8,635 शिकायतों में से 5,761 का समाधान किया जा चुका है, 1,813 लंबित हैं और 1,061 को खारिज कर दिया गया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जिला एवं उपमंडल मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर शुरू किए हैं।

#### लंबित शिकायतों पर संज्ञान

मुख्यमंत्री ने जिलों में लंबित शिकायतों का लिया संज्ञान मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों में शिकायतों के लंबित रहने का कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर सप्ताह में एक बार इन शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें, ताकि लंबित मामलों की संख्या शून्य हो।

#### अधिकारी जवाबदेह होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसडीएम के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी भी इन शिविरों में मौजूद रहें, ताकि उनके विभागों से संबंधित जन शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को एक ही मुद्दे के लिए बार-बार समाधान शिविरों में जाना पड़ता है तो इसके लिए अधिकारी जवाबदेह होंगे।

#### लोगों से संवाद किया

मुख्यमंत्री ने शिविरों में लोगों से संवाद किया तथा फीडबैक लिया। संवाद के दौरान, रोहतक में समाधान शिविर में आई एक महिला ने निजी स्कूल द्वारा धारा 134-ए के तहत बच्चे के दाखिले के लिए फीस मांगने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को सुनवाई करने तथा मामले की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### पानीपत में ज्यादा शिकायतें

पानीपत में समाधान शिविर में शिकायतों की अधिक संख्या और बड़ी संख्या में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए कि एक वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही स्थिति का आकलन करने के लिए पानीपत का दौरा करेंगे ताकि इस दिशा में उचित कदम उठाए जा सकें।

#### समाधान के निर्देश

यमुनानगर के बिलासपुर में समाधान शिविर में आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को बताया कि कई प्रयासों के बावजूद, वह अपनी फसल के नुकसान का विवरण ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करने में असमर्थ है। इस पर मुख्यमंत्री सैनी ने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे समाधान करें।

## भाजपा ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार सिखाया



- भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न
- शिविर में 27 जिला अध्यक्षों और 377 मंडल अध्यक्षों समेत 476 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 27 जिलों के जिला अध्यक्षों और 377 मंडल अध्यक्षों समेत 476 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि इन दो दिनों में 10 सत्र हुए जिनमें अलग-अलग वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया और भाजपा की रीति नीति तथा कार्यपद्धति से अवगत कराया। गुरुवार को सेवा साधना केंद्र, पट्टीकल्याण, समालखा पानीपत में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बड़ौली ने कहा कि कार्यशाला के पहले दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सरकार की उपलब्धियां और योजनाएं कार्यकर्ताओं को बताई। उन्होंने कहा कि मैने भी कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं से अवगत कराया।

#### वक्फ संशोधन बिल गरीब मुसलमानों के हितों की रक्षा करेगा

वक्फ संशोधन बिल 2025 पर पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बिल के पास होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बिल गरीब मुसलमानों के हितों की रक्षा करेगा और भूमाफियाओं की कमर तोड़ने का काम करेगा।

## सरकार चरणबद्ध तरीके से राज्य में 600 अटल श्रमिक किसान कैंटीन बनाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा में 600 रियायती भोजन कैंटीन स्थापित करने के अपने संकल्प पत्र में उल्लिखित प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पहले चरण में इस साल अगस्त तक 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीन शुरू करने का निर्णय लिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगे। इस आशय का निर्णय आज यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। अटल श्रमिक किसान कैंटीन में किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली की रियायती दर पर स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। सब्सिडी वाले खाद्य कैंटीनों का प्रबंधन महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर 175 सब्सिडी वाले खाद्य कैंटीन संचालित हैं।

## ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म के लिए नया ई-लर्निंग पोर्टल लॉन्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- सरकारी काम तेजी से और पारदर्शी तरीके करने में सहायता करेगा पोर्टल

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म के लिए नया ई-लर्निंग पोर्टल लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों का डिजिटल कौशल बढ़ाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में उनकी मदद करना है। हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हारट्रॉन) द्वारा विकसित यह ई-लर्निंग पोर्टल कर्मचारियों को संरचित (स्ट्रक्चर्ड) प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध करवाता है। इसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल पाठ्यक्रम हैं, जो ई-ऑफिस प्रणाली को आसानी से समझने और उपयोग करने में अधिकारी-कर्मचारियों की मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह प्लेटफॉर्म डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के हरियाणा के व्यापक दृष्टिकोण का समर्थन करता है और इस बात पर बल देता है कि सरकारी काम तेजी से और पारदर्शी तरीके से किया जाए। यह प्लेटफॉर्म द्विभाषी है।


### इस महीने चार दिन शिकायतें सुनेगा बिजली निगम

**चंडीगढ़।** बिजली निगम प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 07, 15, 21 और 28 अप्रैल को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 122 दिनांक 31/03/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-धर्मपाल ।
पिता का नाम - हरिसिहँ ।
पता - वासी गाव मोहाना जिला सोनीपत ।
उम्र-61 वर्ष ।
कद-5 फुट 07 ईन्च ।
हुलियाः रंग गेहुआं, पतला शरीर, लमबुंतरा चेहरा, काले-सफेद बाल व सफेद ढाढी ।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 31-03-2025 को धर्मपाल पुत्र हरिसिहँ वासी मोहाना जिला सोनीपत जो कटरसन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड में सिक्योरिटी के काम के लिए एन.एच-352 निर्माणाधीन बड़वासनी नहर फ्लाईओवर पर ड्युटी के लिए गया था जो दोपहर बाद से डयुटी पर नही मिला और जिसकी चप्पल दिल्ली युमना लिंक पुरानी नहर बडवासनी के किनारे व सफेद धारीधार कमीज झोपड़ी में मिली थी। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410534
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9468482877
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/3239/2026/33576/88/6 दि. 03.04.2025

## बिजली दरों में बढ़ोत्तरी कर जनता से 5000 करोड़ वसलूेगी सरकार : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी लगातार जनता को बेरोजगारी और महंगाई के दलदल में धकेल रही है। एक तरफ उसने बिजली की दरों को बढ़ाकर जनता को महंगाई का करंट लगाया है, तो वहीं दूसरी तरफ कौशल रोजगार निगम के सैकड़ों कर्मियों को बेरोजगारी का झटका दिया है। बिजली की दरों में 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी और नई स्लैब बनाकर ये सरकार जनता से लगभग 5000 करोड़ का की लूट करने जा रही है। कांग्रेस ने पहले ही जनता को चेताया था कि बीजेपी का बजट सिर्फ कर्ज और महंगाई को बढ़ाने वाला साबित होगा।

## सड़क सुरक्षा के लिए आईआईटी मद्रास से एमओयू हुआ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा सरकार ने आईआईटी, मद्रास के साथ सहयोग बढ़ाते हुए, डेटा-संचालित सड़क सुरक्षा हस्तक्षेपों के लिए और दो साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते का अनावरण हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी और आईआईटी, मद्रास में सड़क सुरक्षा हेतु उत्कृष्टता केंद्र (सीओईआरएस) के प्रमुख, प्रोफेसर वेंकटेश बालासुब्रमण्यम की उपस्थिति में किया गया। यह साझेदारी दुर्घटना के आंकड़ों का अनुमान लगाने और लक्षित हस्तक्षेपों की योजना बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में पहले लॉन्च किए गए 'संजय' प्लेटफॉर्म जैसे उपकरणों का उपयोग करती है। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, परिवहन आयुक्त दुष्मंता कुमार बेहरा उपस्थित थे। बैठक के दौरान, रस्तोगी ने दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रणनीतियां लागू करने के लिए एक कार्य समूह के गठन का आह्वान किया।

### हरियाणा पुलिस का नशे के खिलाफ युद्ध

# 860 नशा तस्करों की लिस्ट जारी 730 जेल से बाहर, 381 सक्रिय

- बनाया विशेष प्लान अब हर कदम पर निगरानी की जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए अब तक की सबसे ठोस और योजनाबद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। 860 नशा तस्करों की सूची, जिन पर पिछले 10 वर्षों में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन या अधिक केस दर्ज हैं, को जिला और फील्ड यूनिट्स के साथ साझा कर दिया गया है। यह कोई सामान्य सूची नहीं है, यह एक 'लाइव ट्रैकर' है, जो लगातार अपडेट होगा। इसे एक ऐसा अभियान बताया जा रहा है जो सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क को खत्म करने के मकसद से शुरू किया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख और डीजीपी ओपी सिंह ने कहा, अब सामान्य रणनीतियों का समय खत्म हो चुका है। हमने उन लोगों को चिन्हित कर लिया है जो जमानत और ट्रायल में देरी का फायदा उठाकर लगातार तस्करी को अंजाम दे रहे हैं।

#### सिरसा, फतेहाबाद और यमुनानगर सबसे अधिक प्रभावित



इस सूची में जिला-वार विवरण है, किसके खिलाफ कितने केस हैं, कौन जेल में है, कौन बाहर है, और किस पर क्या कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस थानों को इसे सिर्फ दस्तावेज न मानकर एक ऑपरेशनल टूल की तरह इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। सिरसा, फतेहाबाद और यमुनानगर सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं। सिरसा में अकेले 117 तस्कर सूचीबद्ध हैं, जिनमें से 106 अभी भी जेल से बाहर हैं।

#### अब तस्करों के पूरे नेटवर्क को तोड़ने पर फोकस

डीजीपी ओपी सिंह ने कहा, हम अब केवल गिरफ्तारी पर नहीं, पूरी संरचना को तोड़ने पर ध्यान दे रहे हैं। नशे के इस व्यापार में शामिल लोगों को अब हर स्तर पर कार्रवाई झेलनी होगी। खास बात यह है कि अब तकनीकी स्तर पर भी काम को मजबूत किया जा रहा है। राज्य की साइबर फॉरेंसिक लैब को यह निर्देश दिया गया है कि वे जांच अधिकारियों को हर डिजिटल जांच में प्राथमिकता पर सहयोग दें, चाहे वह मोबाइल डेटा हो, इनक्रिप्टेड मैसेजिंग हो या वित्तीय ऐप्स।

#### 468 तस्कर निष्क्रिय

- 860 में से 730 तस्कर जेल से बाहर हैं
- इनमें से 381 अभी भी सक्रिय हैं
- 130 फिलहाल जेल में हैं
- 468 को निष्क्रिय की श्रेणी में हैं
- 11 की मृत्यु हो चुकी है

#### पुलिस को दिए निर्देश

- तस्करों की गिरफ्तारी हो
- आर्थिक जांच, संपत्ति जब्त करें
- हिस्ट्री शीट खोलें, अपडेट करें
- जेल में तस्करों से मिलने आने वालों की निगरानी की जाए
- रिपोर्ट ई-ट्रिब्यूनल पोर्टल पर हो

## विकसित भारत बनाने में अपनी सार्थक भूमिका निभाएं विद्यार्थी : कल्याण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि संवाद हमारी संस्कृति का आधार होने के साथ लोकतंत्र की आत्मा भी है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत में अपनी भूमिका तय करने का आह्वान किया है। कल्याण हरियाणा विधान सभा में राजधानी युवा संसद की ओर से आयोजित हरियाणा युवा संवाद के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। इस दौरान ग्रामीण हरियाणा में डिजिटल विभाजन को पाटने और महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा व वित्तीय सहायता में सरकारी कल्याण योजनाओं तक डिजिटल पहुंच सुनिश्चित विषयों पर चर्चा हुई।

#### प्रश्नों के जवाब दिए

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि इस युवा संवाद में लिए गए दोनों ही विषय बहुत महत्वपूर्ण है। इन पर युवा विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी है। पूरक प्रश्नों के जवाब इतने सटीक और त्वरित थे कि ऐसा लगा जैसा असली में ही विधान सभा का बजट सत्र चल रहा हो। संवेदनशील विषयों को गंभीरता से रखा गया।

#### मर्यादा रखना जरूरी

हरविन्द्र कल्याण के युवाओं से कहा कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि संवाद सही दिशा में आगे बढ़ रहा है या नहीं। इसके लिए सबसे जरूरी है मर्यादा। विषयों पर फोकस रखना जरूरी है। पक्ष और विपक्ष दोनों की चर्चा से ही कोई निष्कर्ष निकलता है। हमें एक दूसरे की बातों को स्वीकार करने का भाव रखना होगा।

**कार्यालयः- महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द।**

**निविदा सूचना**

Gmail to: gmhrjind1@gmail.com

निदेशालय, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द की बसों/वाहनों द्वारा बस स्टैन्ड, जीन्द के 5 किलोमीटर एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले पेट्रोल पम्प से कम से कम 15 दिन (अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जायेगाः-

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | जीन्द नया बस स्टैण्ड | लगभग 7500 लीटर प्रतिदिन |
| 2. | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 2500 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे में केवल दायरे के अन्दर आने वाले सभी पेट्रोल पम्प डीलरों को इस निविदा सुचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी अपनी कुटेशन बन्द लिफाफे में दिनांक 07-04-2025 को सुबह 10:00 बजे तक कार्यालयः महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द में जमा करवाना सुनिश्चित करे तथा दिनांक 07-04-2025 को सुबह 11:00 बजे इच्छुक डीलरों की उपस्थिति में ही इन कुटेशनों को नियमानुसार खोला जाएगा। फर्म को भुगतान 15 कार्यदिवस में किया जाएगा। फर्म/पेट्रोल पम्प डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने-जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में/पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना ना करना पड़े। पेट्रोल पम्प डीलर को विभाग के कर्मचारीयों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पम्प पर आने व जाने के समय भीड/जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों का चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पम्प तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबन्ध रदद कर दिया जाएगा। सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पैट्रोल पम्प इस डिपो को डीजल की Supplyनिरंतर करते रहेंगें व किन्हीं अपरिहार्य कारणों के कारण Supply बंद करते हो तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबन्ध आगे बढ़ाया जायेगा या नहीं, इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार/विभाग द्वारा समय-2 पर जारी सभी दिशानिर्देश/हिदायतों की शर्तों का पालन करना होगा।**

**हस्ता/-महाप्रबन्धक**
**हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द**

पीआरडीएच 1119/11/629/2026/33578/88/6 दि. 03.04.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार | बरवाला टाउन, जिला हिसार बरवाला में सुपर सक्कर डी-सील्टिंग मशीन के माध्यम से विभिन्न साइज के सीवर लाइंस की सफाई (पीयूएच/2024-25/112695) Â Œ 300 मिमी, 400 मिमी, 450 मिमी, 500 मिमी, 600 मिमी, 700 मिमी आई/डी सीवर लाइन की सुपर सकर मशीन द्वारा सफाई, प्लगिंग, अनप्लगिंग, डाइवर्जन, रोका और लेजर प्रोफाइलर द्वारा सीसीटीवी सर्वे सहित सभी प्रकार से पूर्ण और इससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य। Â | 02.04.2025 15.04.2025 | 186.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466000871 ee2hissar@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार | बरवाला टाउन, जिला हिसार बरवाला में सुपर सक्कर डी-सील्टिंग मशीन के माध्यम से विभिन्न साइज के सीवर लाइंस की सफाई (पीयूएच/2024-25/112695) Â Œ 700 मिमी आई/डी, 800 मिमी आई/डी सीवर लाइन की सुपर सकर मशीन द्वारा सफाई, प्लगिंग, अनप्लगिंग, डाइवर्जन, रोका और लेजर प्रोफाइलर द्वारा सीसीटीवी सर्वे सहित सभी प्रकार से पूर्ण और इससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य। Â | 02.04.2025 15.04.2025 | 179.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466000871 ee2hissar@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | जलापूर्ति मकैनिकल डिवीजन में कोंदरा वाली पम्प हाउस पर पक्का सर्विस रोड का निर्माण और बनाना। | 02.04.2055 09.04.2025 | 33.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896786329 xenmechjjr@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | छालोंदी 23.79 गांव छालोंदी में परशुराम मैरिज प्लेस भवन को पूरा करना + 2 कार्य। | 31.03.2025 17.04.2025 | 61.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | सिविल हस्पताल, रेवाड़ी | सिविल हस्पताल रेवाड़ी की एचवीएसी प्रणाली की प्रचालनात्मक सीएमसी। | 04.04.2025 18.04.2025 | 75,131/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416577075 ghrewari@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/100/33593/I/88/6 दि. 03.04.25

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को पकड़ा

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा हेरोइन सप्लायर आरोपी गांव गढ़ी जिला जींद निवासी राकेश कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 मार्च को एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम द्वारा ड्रैन पुल बाबा लदाना रोड़ कैथल के पास नाकाबंदी करके क्योड़क निवासी महावीर तथा सन्नी को काबु किया गया था। जिनके कब्जे से 4.34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। । आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके आगामी जांच एसआई जोगिंद्र सिंह द्वारा अमल में लाई गई। आगामी जांच दौरान खुलासा हुआ कि उपरोक्त दोनों आरोपियों को यह हेरोईन राकेश कुमार उपरोक्त द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। आरोपी राकेश के कब्जे से 4 हजार रुपए ड्रगमनी बरामद की गई।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध सहन नहीं

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने वीरवार को जिला फरीदाबाद के एसीपी और सभी महिला थानों की एसएचओ के साथ बैठक कर महिला विरूद्ध अपराधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही मीडिया के माध्यम से सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दें। इससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही बेटियों को जागरूक बनाने में मदद मिलेगी।

### बड़खल में अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर

**फरीदाबाद।** बड़खल क्षेत्र में वीरवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अनंगपुर गांव से लेकर अरावली की पहाड़ियों तक फैले अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान दर्जनों अवैध फॉर्म हाउस तोड़े गए। टीम ने अनंगपुर गांव में भी वन भूमि पर बने मकानों और डेयरी को ध्वस्त किया।

# शहनाई बजने से पहले दुनिया से विदाई, शहीद फ्लाइंग लेफ्टिनेंट का अंतिम संस्कार आज

## ■ सिद्धार्थ का 23 मार्च को रिश्ता तय हुआ था ■ परिवार ने 2 नवंबर को शादी तय की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

माजरा निवासी सेवानिवृत्त वायु सैनिक सुशील कुमार के घर पर गत 23 मार्च से ही बेटे की सगाई के बाद शादी की खुशियां शुरू हो गई थीं। बेटे सिद्धार्थ की सगाई के बाद परिवार जल्द शादी की तैयारियां शुरू कर रहा था, परंतु होनी को कुछ और ही मंजूर था। परिवार का इकलौता बेटा फ्लाइंग लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव गुजरात के जामनगर में क्रैश हुए जगुआर विमान हादसे की भेंट चढ़ गया। सिद्धार्थ की शहादत का समाचार मिलने के बाद परिवार पर तो दुखों का पहाड़ टूट ही गया, साथ ही पूरे माजरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वीरवार को शहीद का पार्थिव शरीर पहुंच गया। वीरवार को पैतृक गांव माजरा में शहीद सिद्धार्थ को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। एनडीए की परीक्षा पास करने के बाद वर्ष 2017 में भारतीय वायु सेना में भर्ती हुए सिद्धार्थ यादव की पारिवारिक पृष्ठभूमि सैन्य ही है। उनके दादा रघुबीर सिंह भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर सेवाएं दे चुके। पिता सुशील यादव भी भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं। सिद्धार्थ यादव मार्च माह में अवकाश पर आए हुए थे। इसी दौरान परिजनों ने 23 मार्च को दिल्ली में रह रही गढ़ी बोलनी की युवती से उसका रिश्ता तय कर दिया था। रिश्ता तय होने के बाद दोनों पक्षों ने मिलकर सिद्धार्थ की शादी 2 नवंबर तय कर दी थी। परिवार में शादी की तैयारियां भी शुरू की जाने लगी थीं। सिद्धार्थ अवकाश पूरा होने के बाद 31 मार्च को ड्यूटी पर चले गए थे। उनकी ड्यूटी जामनगर एयरफोर्स स्टेशन पर थी। वहां एक जगुआर विमान उड़ाने भरने के बाद तकनीकी खराबी का शिकार होकर क्रेश हो गया, जिसमें सिद्धार्थ देश के नाम वीरगति को प्राप्त कर गए।

- ■ फाइटर प्लेन क्रैश होने से रेवाड़ी का लाल शहीद
- ■ पिता मार्च में वायुसेना से सेवानिवृत्त हुए थे
- ■ दादा भी सेना में सूबेदार के पद पर सेवाएं दे चुके



### आबादी वाले क्षेत्र का बचाव

सिद्धार्थ के साथियों के अनुसार जगुआर विमान के क्रैश होने की आशंका को देखते हुए सिद्धार्थ ने पहले अपने सहयोगी पायलट को सुरक्षित कुदा दिया। इसके बाद घनी आबादी वाले क्षेत्र से विमान को निकालकर जंगल की ओर ले जाने का प्रयास किया, ताकि आम लोगों की जान बचाई जा सके। उन्होंने अंतिम सांस तक विमान को क्रैश होने से बचाने के प्रयास किए, परंतु आखिरकार जगुआर क्रैश हो गया।

### बहन से छिन गया इकलौता भाई

सिद्धार्थ की शहादत का समाचार मिलते ही उसकी मां सुशीला देवी और बहन खुशी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिता सुशील कुमार पथराई आखों से परिवार को संभालने में लगे रहे। माजरा गांव के कई घरों में बुधवार की रात को चूल्हा तक नहीं जला। सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सुशील के घर पर एकत्रित होकर शहीद के पार्थिव शरीर का इंतजार करने लगे। पार्थिव शरीर के देरी से आने के कारण अंतिम संस्कार शुक्रवार को करने का निर्णय लिया गया।

## सिद्धार्थ की शहादत पर नाज



सिद्धार्थ की शहादत पर पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहादत पर हर किसी को गर्व होता है, लेकिन सिद्धार्थ का कम उम्र में चले जाना परिवार व गांव को लंबे समय तक अखरता रहेगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की घड़ी में सभी परिवार के साथ हैं।

इस हादसे में सिद्धार्थ खुद को सुरक्षित रख पाने में सफल नहीं हुए।

# कुरुक्षेत्र में पूर्व सैनिक पर तलवारों से हमला, छाती में भाला घोंपा

## ■ शाहबाद के तंगोर में रंजिश में हत्या ■ धारदार हथियार लगने से दो अन्य गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

शाहाबाद के तंगौर गांव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में पूर्व फौजी अशोक राणा की हत्या कर दी गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में विकास कुमार ने बताया कि गांव का नरेंद्र उनके घर के सामने नाली में गोबर डालता था, जिससे कई बार उसे ऐसा न करने के लिए कहा गया था।

- ■ दोनों पक्षों में गोबर डालने के लेकर विवाद हो चुका था

दो दिन पहले इस बात को लेकर विकास और उसके चाचा पूर्व फौजी अशोक राणा की नरेंद्र से बहस हो चुकी थी, जिसे ग्रामीणों ने शांत करा दिया था। दर्ज शिकायत और मिली जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह जब विकास अपनी मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहा था, तभी नरेंद्र अपने ट्रैक्टर पर घास लादकर सामने आया और मोटरसाइकिल के आगे ट्रैक्टर अड़ाकर उसे रोक लिया। इसके बाद नरेंद्र ट्रैक्टर से उतरकर डंडा लेकर विकास की ओर बढ़ा और गालियां देते हुए हमला कर दिया। शोर सुनकर नरेंद्र का भाई रविंद्र उर्फ बच्ची और उनके रिश्तेदार विजय हथियार (तलवार और भाला) लेकर वहां पहुंचे और तीनों ने मिलकर विकास पर जानलेवा हमला कर दिया।

विकास को बचाने के लिए उसका चाचा अशोक राणा और दोस्त मंजीत मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसी दौरान नरेंद्र ने अपने हाथ में पकड़ा भाला अशोक राणा की छाती में मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। हमले के दौरान आसपास के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई, लेकिन आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पडोसी तीनों घायलों को आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लाए, जहां चिकित्सकों ने पूर्व फौजी अशोक राणा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शाहाबाद पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक सबूत जुटाए। पुलिस ने विकास कुमार की शिकायत के आधार पर नरेंद्र, रविंद्र उर्फ बच्ची, विजय और विक्रांत के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। शव का पोस्टमार्टम एलएनजेपी अस्पताल में करवाया गया है और शव परिजनों को सौंप भी दिया गया है।



**कुरुक्षेत्र।** मामले में कागजी कार्रवाई करते पुलिस कर्मचारी।

# कोर्ट के प्यादे ने जहर खाया, डीएसपी सहित चार कर्मचारियों पर जड़े आरोप

## ■ आत्महत्या से पहले वीडियो बनाया ■ सोशल मीडिया पर वायरल

**जींद।** कोर्ट मे प्यौदे के पद कार्यरत कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में पीजीआईएमएस रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक ने मरने से पहले एक वीडियो भी बनाया है। जिसमें जहर निगलने के लिए डीएसपी, दो सब इंस्पेक्टर व एक बर्खास्त पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। मृतक के परिजनों ने एसपी राजेश कुमार से मिल कर मामले में सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- ■ परिजनों ने एसपी से की मुलाकात, कार्रवाई की मांग

### पीजीआई रेफर किया

गांव खरकरामजी निवासी राजेश जिला अदालत में प्यादे के पद पर कार्यरत था। जिसने गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया था। जिसे उपचार के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। जहां पर वीरवार को उसकी मौत हो गई।

जिसके साथ मृतक की वीडियो भी वायरल हुई। जिसमें मृतक बता रहा है कि पुलिस के सब इंसपेक्टर मिर्चपुर निवासी नरेश तथा उसका पुलिस से बर्खास्त साला गांव निडानी निवासी महाबीर ने षडय़ंत्र रचा है। जो कोर्ट से दस्तावेज मंगाते थे, खुलासा करने के लिए। डीएसपी जितेंद्र राणा को बहकाए हुए थे। सुरेंद्र एसआई का भी इसमें रोल है। जिसमें फिर से चारों के नाम मृतक वीडियो में दोहराता है। वीडियो रिकोर्ड के दौरान उसकी हालात बिगड़ जाती है ओर उसकी मौत हो जाती है।

मृतक राजेश का भाई अशोक गांव खरकरामजी के मौजिज लोगों को साथ लेकर एसपी राजेश कुमार से मिले। अशोक ने आरोप लगाया कि उसके भाई ने डीएसपी सहित चारों पुलिसकर्मियों व बर्खास्त पुलिसकर्मी ने साजिश के तहत उसके भाई फंसा कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया है।



राजेश। (फाइल फोटो)

### भाई की शिकायत पर केस दर्ज



डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि कोर्ट प्यादे द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक के भाई द्वारा सदर थाना पुलिस को शिकायत दी गई है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।





भारत की नंबर 1 स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल, पल्सर ने 2 करोड़ मोटरसाइकिल की बिक्री का कारनामा कर दिखाया है और अब हम इसका जश्न मना रहे हैं! अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त करने के लिए हम पेश कर रहे हैं ऐसे स्पेशल दाम जो पहले कभी न देखे गए. **तो आइए और पल्सरमेनियाक्स की गैंग में शामिल हो जाइए.**

| | 125 NEON | 125 CARBON FIBRE | N160 TWIN DISC | N160 USD |
|---|---|---|---|---|
| स्पेशल क़ीमत | ₹83 296/- | ₹90 989/- | ₹1 23 720/- | ₹1 37 952/- |
| बचत | ₹2 182/- | ₹2 000/- | | ₹5 594/- |

*एक्स–शोरूम क़ीमत

pulsar DEFINITELY DARING

Ogilvy HN

72198 21111 | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स–शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स–शोरूम क़ीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Gurgaon: New Rly. Road :** JSB BAJAJ 8882212365 • **Old DLF, Chakarpur: JSB BAJAJ 9991437799; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979;; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979 ;** • **Khandsa Road:** GSM BAJAJ 7838774484/85, Islampur : 7838774487, Islampur : 7838774487 • **Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072** • **Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830. Authorised Service Centre: Samalkha(S):** 9996099067, **Samalkha(D):** 9050103232, **Sanoli :** 9992300027, **Bapoli:** 9416311625, **Israna:** 9996453000, **Matloda:** 9466343515, **Gharaunda:** 9215633545, **Kunjpura :** 9050905911, **Nissing: 8529811300, Jundla:** 9813470474, **Rajound: 7988582388, Munak:** 9896715189, **Indri:** 9812823781, **Gannur:** 9812543331, **Kundli:** 9466036628, **Kharkhoda:** 9416370108, **Bahalgarh** -9034796560, **Sampla:** 9355803777, **Dighal:** 9215640087, **Kalanaur:** 8572000201, **Meham: 7419900806**, **Badli:** 9996966628, , **Dhauj** -9811382736, **Badauli** – 9555070555, **Sururpur – 9069111729**, , **Dundahera:** 9811348395, , **Gurugram Sec. 17/18:** 9891284122, **Palam Vihar:** 9891557677, **Farruknagar:** 9215128444, **Manesar: 85273 94201, Pataudi: 99191 29123**, **Barara:** 8221001211, **Shehzadpur:** 9017097170, **Matheri:** 9416225092, **Nariangarh:** 9468402222, **Dosarka:** 9813139393, **Saha:** 9416393643, **Ladwa:** 9812520888, **Shahbad:** 9802453090, **Ismailabad:** 9416264059, **Pundri:** 9729818200, **Siwan:** 9034700082, **Kalayat:** 8607670172, **Cheeka:** 9896566783, **Bilaspur:** 9467120411, **Sadhoura:** 9354299366, **Chachrouli:** 9812128042, **Khizrabad:** 9416377034, **Radaur:** 8295781731, **Barwala:** 9215762510, **Raipur rani:** 9416461366, **Ramgarh:** 9417184618, **Pinjore:** 9671758800 **Marrawala:** 9896060113, **Barwala:** 9050220005, , **Uklana:** 9671304776, , **Siwani: 8168672841, Mangali:** 9729643232, **Ding Mandi:** 9813656456, , **Rania:** 9728321221, **Chopta:** 9416619641, **Kalawali:** 7015067499, , **Dabwali (D):** 9996371906, **Mundhal:** 9671482000, **Tosham:** 9728585000, **Dhigava:** 9812890443, **Behal:** 9991801939, **Barda:** 9813310101, **Loharu:** 7027397000, **Jhojhu:** 9992322277, **Jui:** 8930000917,**Jamalpur:** 9413762285, **Bawani Khera:** 9466628317, **Tohana:** 9991997270, **Ratia: 9350700079, Bhattu Mandi:** 9812054503, **Saffidon (M):** 9896422766, **Saffidon (Sk):** 8607078500, **Julana:** 8929147777, **Narwana:** 9350483009, **Uchana:** 9466777844, **Dhamtan Sahib:** 9468102345, **Dharuhera:** 9812705798, **Palhawas:** 9416248270, **Kund:** 8059490007, **Bawal:** 9466926200, **Kosli:** 9416038181, **Ateli:** 9416347264, **Mohindergarh:** 9468323888, **Kanina:** 9416578910 **Nangal Chaudhary:** 8168091181, **Dhauj** -9811382736, **Sikri:** 8178008100, **Hodal:** 9728989313, **Hatin:** 9671600916, **Mitrol:** 9813095406, **Hassanpur:** 9416636633, **Mohana:** 9813903634, **Sohna:** 9050351153, **Badshahpur:** 9540694444., **Tigaon:** 9873000517,, **Suroorpur** –9069111729.

## खबर संक्षेप

### रुपया शुरुआती नुकसान से उबरा

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे के उछाल के साथ 85.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। ऐसा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बाद विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण हुआ। शुरुआती कारोबार में घरेलू मुद्रा को झटका लगा लेकिन जल्द ही इसने अपनी खोई जमीन फिर हासिल कर ली और दिन का अंत में यह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ।

### फोर्टिस हेल्थकेयर ने 200 करोड़ में पाया ट्रेडमार्क

**नई दिल्ली।** उसने 200 करोड़ रुपये की बोली लगाकर नीलामी के जरिये फोर्टिस ट्रेडमार्क हासिल किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर, 2024 के आदेश के जरिये सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से 'फोर्टिस'' ट्रेडमार्क और संबद्ध चिह्नों की बिक्री का आदेश दिया था। यह आदेश उच्चतम न्यायालय के 22 सितंबर, 2022 के फैसले के अनुसार था। फोर्टिस मार्क्स, कंपनी के तत्कालीन प्रवर्तकों के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कुछ संस्थाओं के पास थे।

### हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,49,604 इकाई हो गई। कंपनी ने मार्च, 2024 में 4,90,415 वाहन बेचे थे। हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री मार्च में 5,10,086 इकाई रही जो मार्च, 2024 के 4,59,257 इकाई के आंकड़े से 11 प्रतिशत अधिक है। निर्यात सालाना आधार पर 31,158 इकाई से बढ़कर 39,518 इकाई हो गया।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# भरना है इनकम टैक्स तो पहले जान लें क्या है आईटीआर का नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर रिटर्न ( आईटीआर ) दाखिल करने का समय आ गया है। हर साल की तरह, सैलरीड कर्मचारी सहित सभी टैक्सपेयर वर्तमान में उपलब्ध सात आईटीआर फॉर्म में से किसी एक का इस्तेमाल करके अपना टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। अभी के समय में, विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर टैक्स देने वालों के लिए 7 आईटीआर फॉर्म उपलब्ध हैं। आईटीआर फाइलिंग प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा सही आईटीआर फॉर्म की पहचान करना जरूरी है। आपकी आय के लिए कौन सा इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म सही है। इस खबर के माध्यम से बताने जा रहे हैं कि आईटीआर फॉर्म भरते समय आपको कौन सा फॉर्म सलेक्ट करना है।

- आईटीआर प्रक्रिया में सही इनकम टैक्स रिटर्न फार्म की पहचान करना जरूरी

### सात आईटीआर फार्म में से किसी एक का उपयोग करते हैं

#### आईटीआर 1 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है?

आईटीआर-1 फॉर्म का इस्तेमाल वह व्यक्ति नहीं कर सकता जिसकी भारत से बाहर संपत्ति है या जो विदेश से आय अर्जित कर रहा है। साथ ही, जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 50 लाख रुपए से अधिक है, वे इस फॉर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कृषि से 5,000 रुपए से अधिक की वार्षिक आय वाले लोगों को आईटीआर 1 दाखिल करने की अनुमति नहीं है।




***आईटीआर 2 कौन दाखिल कर सकता है? :*** *आईटीआर 2 फॉर्म ऐसे व्यक्ति या एचयूएफ भर सकते हैं जिनकी आय व्यवसाय या किसी पेशे से होने वाले लाभ या लाभ के आईटम में नहीं है। एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख रुपए से अधिक आय वाले व्यक्तियों और एचयूएफ को यह फॉर्म भरना चाहिए।*

***आईटीआर 2 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है? :*** *वो व्यक्ति या एचयूएफ, जिनकी साल की कुल आय में व्यापार या पेशे से प्राप्त लाभ है, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, वे टैक्स देने वाले लोग जिनकी आय ब्याज, वेतन, बोनस आदि से होती है। वे जो साझेदारी फर्म से कमीशन या पारिश्रमिक से आय अर्जित करते हैं, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं करेंगे।*

***सरकार ने आईटीआर 2 फॉर्म में क्या बदलाव किए हैं? :*** *नया अपडेट 25 मार्च 2025 को लांच किया गया था। यह धारा 139 (8ए) के तहत संशोधित रिटर्न दाखिल करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यक्ति आवश्यकता पड़ने पर अपने रिटर्न में सुधार कर सकते हैं। इससे सैलरीड कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और अन्य गैर-व्यावसायिक करदाताओं को रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है।*

#### आईटीआर फॉर्म क्या है?

इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर एक प्रकार का फॉर्म होता है, जिसमें आपकी इनकम की सभी जानकारी भरी होती है। इस फॉर्म का इस्तेमाल औसत सैलरीड कर्मचारियों या निवासियों द्वारा किया जा सकता है जिनकी कुल आय वेतन/पेंशन, एक मकान संपत्ति और अन्य स्त्रोतों से 50 लाख रुपए तक है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

# भारत के झींगा, कालीन और स्वर्ण आभूषण क्षेत्र पर अमेरिकी शुल्क का सबसे ज्यादा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई शुल्क नीति की घोषणा की। घोषणा में सभी आयातित वस्तुओं पर एक सार्वभौमिक 10 प्रतिशत शुल्क शामिल है, जो पांच अप्रैल से प्रभावी होगा। वहीं नौ अप्रैल से 27 प्रतिशत का शुल्क लागू होगा।

### शुल्क से 60 से अधिक देश प्रभावित

अमेरिका द्वारा घोषित उपायों से 60 से अधिक देश प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका घरेलू झींगा मछली उद्योग का सबसे बड़ा बाजार है। अधिक शुल्क के कारण अब झींगा मछली, अमेरिकी बाजार में काफी कम प्रतिस्पर्धी रह जाएगी। अमेरिका ने पहले से ही भारतीय झींगा पर डंपिंग-रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लगा रखा है। भारत के कुल झींगा निर्यात में से 40 प्रतिशत अमेरिका को भेजा जाता है।

### भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर व इंडोनेशिया

अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्यातकों के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर और इंडोनेशिया हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जमे हुए झींगा का निर्यात 7,16,004 टन था। पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका ने 2,97,571 टन आयात किया, उसके बाद चीन (1,48,483 टन), यूरोपीय संघ (89,697 टन) और जापान (35,906 टन) का स्थान रहा।

*भारत के झींगा मछली, कालीन, चिकित्सा उपकरण और स्वर्ण आभूषण जैसे निर्यात क्षेत्रों पर अमेरिका द्वारा बुधवार को घोषित 27 प्रतिशत शुल्क का असर देखने को मिलेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और फार्मा जैसे निर्यात क्षेत्र अमेरिका में अपने प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले थोड़ी बेहतर स्थिति रहेंगे।*







- भारत अमेरिका में प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में
- अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने लगाया गया शुल्क
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने नई शुल्क नीति घोषित की गई

### अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक

अमेरिका को ब्लैक टाइगर झींगा का निर्यात मात्रा के लिहाज से 35.37 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 32.35 प्रतिशत बढ़ा है। इसी तरह, अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह करीब दो अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारत ने वैश्विक स्तर पर 32.85 अरब डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए, जिसमें अमेरिका का हिस्सा 30.28 प्रतिशत (10 अरब डॉलर) था।

***भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने व चांदी का किया निर्यात :*** *वर्ष 2024 में, भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने और चांदी का निर्यात किया। इसमें 13.32 प्रतिशत का शुल्क अंतर है। देश तराशे और पॉलिश किए गए हीरे, जड़े हुए सोने के आभूषण, सादे सोने के आभूषण, प्रयोगशाला में तैयार किये गए हीरे और चांदी के आभूषणों सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े आभूषण निर्यात बाजारों में से एक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।''*

### चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में चुनौतियां पैदा हो सकती है

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री (एआईएमईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने से इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात 71 करोड़ 43.8 लाख डॉलर का था, जबकि अमेरिका से भारत में आयात काफी अधिक 1.52 अरब डॉलर का था।

### भारत के प्रतिस्पर्धी देशों पर उच्च शुल्क लगाया गया

सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत के लिए शुल्क में भारी वृद्धि के बावजूद, यह प्रथम दृष्टया परिधान क्षेत्र के लिए भारत के लिए लाभ का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया और श्रीलंका पर अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाया गया है।

# सोना 94,350 रुपये के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार के बंद स्तर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये टूटकर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''जवाबी शुल्क के प्रभाव से सुबह के सत्र में सोने में शुरुआती तेजी देखी गई, लेकिन जल्द ही कीमतों में मुनाफावसूली का दौर शुरू हो गया।'' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 43.39 डॉलर या 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,089.64 डॉलर प्रति औंस रह गया। बुधवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 60 से अधिक देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद यह 3,167.71 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया था।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क निर्णय के बाद जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ने से सोना 3,167 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। गांधी ने कहा कि शुरुआती बढ़त के बावजूद, सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं और फिलहाल कारोबारियों द्वारा मुनाफावसूली के कारण सोना कम कीमत पर कारोबार कर रहा है।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Aashima Garg**
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
**SHAKTI PANDITA**
**Vs.**
**KAILASH**
CASENO. CS/295/2024
CNR No. HRJRA0-000629-2024
Next Date : 31.05.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Smt. Mukesh Devi W/o Ranbir Singh R/o Ward No. 15 Bahadurgarh**
**2. Smt. Suhila W/o Jasbir Singh R/o Ward No. 13, Sampla, Rohtak**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **31.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 02.04.2025


## ट्रंप की शुल्क घोषणा से सेंसेक्स 322 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 322 अंक टूट गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत समेत 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली तथा वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 322.08 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,295.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 809.89 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में औषधि शेयरों में तेजी से बाजार नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.25 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,250.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी एक समय 186.55 अंक तक लुढ़क गया था। भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है, ऐसे में अब देश के व्यापार घाटे को कम करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था।

## पूर्व मध्य रेल द्वारा 2024-25 के दौरान 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जो पिछले वित्तीय वर्ष तुलना में 14.68 प्रतिशत अधिक

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गयी है। इस कड़ी में 2024-25 में पूर्व मध्य रेल 31,575 करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय के साथ भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर रही। साथ ही यात्री यातायात से प्राप्त रेल राजस्व के क्षेत्र में भारतीय रेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4602 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 4088 करोड़ रूपए की तुलना में 12.56 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार पूर्व मध्य रेल ने 12.56 प्रतिशत पैसेंजर रेवेन्यू ग्रोथ दर के साथ भारतीय रेल पर सर्वाधिक पैसेंजर रेवेन्यू ग्रोथ दर प्राप्त करने वाला प्रथम क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल किया है। माल ढुलाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पूर्व मध्य रेल ने 202.63 मीलियन टन माल ढुलाई कर भारतीय रेल के प्रथम चार क्षेत्रीय रेलों में शामिल होने का गौरव हासिल किया है। इसके साथ ही यात्री परिवहन के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड कायम करते हुए 2024-25 के दौरान 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 14.68 प्रतिशत अधिक है। पूर्व मध्य रेल की इन उपलब्धियों पर महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों एवं पूर्व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल की इन उपलब्धियों के पश्चात रेलवे बोर्ड द्वारा यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़ी सुविधाओं में और वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मीरा** पुत्री/पत्नी/अन्य **संजय** निवासी **झुग्गी बेरी गेट, झज्जर, हरियाणा** ने case **FIR No. 583/2015 U/s 392/34 IPC, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **मीरा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मीरा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि case **FIR No. 583/2015 U/s 392/34 IPC, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मीरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्या यालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11**
**कमरा नं. 138, केन्द्रीय जिला**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4018/N/2025(Court Matter)**


# मंगलायतन विवि में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ




**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिरकत की और उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्तियों और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अकादमिक उत्कृष्टता और उत्साह के माहौल में दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कुल गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में चेयरमैन हेमंत गोयल व गुरु ऋषिराज महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इस गरिमामय समारोह में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा धारक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र धारक भी शामिल रहे। इसमें पीएचडी शोधार्थी भी शामिल हैं जो अनुसंधान ज्ञान के नए आयाम खोलेंगे। आठ को स्वर्ण पदक और नौ को रजत पदक मिले। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह के साथ नवजीवन में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज व देश में मॉडल बनना पड़ेगा, लेकिन मेडल से मॉडल बनने की यात्रा कठिन है। जिन्हें मेडल नहीं मिले है उन्हें और संघर्ष करते हुए संकल्प लेना होगा कि कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद हांसी (हिसार) | एम.सी. हांसी में साई और शिव कॉलोनी पार्ट-1, 2 बैंक कॉलोनी और नंद नगरी की विभिन्न गलियों का निर्माण + 1 कार्य। | 29.03.2025 15.04.2025 | 6,75,37,891/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015778071 eomhansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/33588/1/88/6 दि. 03.04.25


## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5825



**बाएँ से दाए**

1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**


1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5824 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | ग्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5835

★☆☆☆☆ सरल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5834 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# आईपीएल : मुंबई-लखनऊ के बीच मैच आज, फार्म में नहीं रोहित और पंत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाह रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### पावर प्ले से निकलेगा जीत

इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### अश्वनी नई सनसनी

मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे।

### फार्म में पूरन, पंत कर रहे निराश

जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है। लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

खास खबर

## निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटे रबाडा



नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी टीम गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। टाइटंस ने यह नहीं बताया कि रबाडा कब तक लौटेंगे। अभी तक उन्होंने दो ही मैच खेले हैं। गुजरात टीम ने एक बयान में कहा, 'कैगिसो रबाडा कुछ महत्वपूर्ण निजी मसले से निपटने के लिए दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।' रबाडा ने पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक एक विकेट लिया था। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बुधवार को बेंगलुरू में खेले गए मैच में टीम में जगह नहीं दी गई। रबाडा की जगह अरशद खान को उतारा गया जिन्होंने विराट कोहली का कीमती विकेट लिया।

### अच्छी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध था

बेंगलुरु। गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता। बटलर ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि ऐसा कैसे हुआ लेकिन मैं शर्मिंदा महसूस कर रहा था। हम सभी जानते हैं कि साल्ट कितना खतरनाक खिलाड़ी है।

### कैरम बॉल पर कर रहा था काम : किशोर

बेंगलुरु। गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले 3-4 वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात की बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पंड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप




नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## वैभव और वरुण को 3-3 विकेट, वेंकटेश-अंगकृष ने फिफ्टी बनाई

# अय्यर ने आलोचकों को दिया जवाब केकेआर ने सनराइजर्स को हराया

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

वेंकटेश अय्यर ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए 29 गेंद में 60 रन बनाये जिसकी मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रन से शिकस्त दी। अंगकृष रघुवंशी (32 गेंद में 50 रन) ने भी पचासा जड़ा और कप्तान अजिंक्य रहाणे (27 गेंद में 38 रन) के साथ 81 रन की साझेदारी की जिसके दम पर मेजबान टीम ने छह विकेट पर 200 रन बनाये। जवाब में सनराइजर्स की टीम 16.4 ओवर में 120 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने ट्रेविस हेड (चार) और ईशान किशन (दो) को लगातार दो ओवरों में आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये। हर्षित राणा ने अभिषेक शर्मा (दो) का विकेट लिया तब सनराइजर्स का स्कोर तीसरे ओवर में नौ रन पर तीन विकेट था। आंद्रे रसेल और सुनील नारायण ने भी एक एक विकेट लिये। सनराइजर्स ने दस ओवर तक पांच विकेट 66 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद वरूण चक्रवर्ती ने दो गेंद के भीतर दो विकेट लेकर निचले क्रम को रवाना किया । उन्होंने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। गत चैम्पियन केकेआर पहले तीन में से दो मैच गंवाने के बाद जीत की राह पर लौटी है। अब उसे मंगलवार को सुपर जाइंट्स से खेलना है। वहीं सनराइजर्स की यह लगातार तीसरी हार थी और अब उसका सामना रविवार को गुजरात टाइटंस से होगा। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर केकेआर की नयी सलामी जोड़ी का संघर्ष जारी रहा। डिकॉक (एक) और नारायण (सात) सस्ते में आउट हो गए। सनराइजर्स ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जब श्रीलंका के मेंडिस ने आईसीसी के इतिहास में पहली बार एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी की। उन्होंने बायें हाथ की स्पिन से रघुवंशी को बोल्ड किया और फिर खब्बू बल्लेबाज रिंकू सिंह को आफ स्पिन डाली। दो ओवरों तक कोई बाउंड्री नहीं लगी लेकिन अय्यर और रिंकू ने पारी को ढर्रे पर लाया। अय्यर ने 29 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। रिंकू ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के के साथ नाबाद 32 रन बनाये।




### बुमराह फिट पर अधिक वर्कलोड से खतरा, आकाशदीप आज खेल सकते हैं डेब्यू मैच



नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी में अभी और वक्त लग सकता है। उन्होंने अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सलेंस की तरफ से पूरी तरह फिट नहीं घोषित किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बुमराह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश दीप जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह पूरी तरह फिट हैं लेकिन बीसीसीआई की मेडिकल टीम का मानना है कि तेज गेंदबाज के वर्कलोड में वृद्धि उनके लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है।

### रामनवमी से 3 दिन पहले 'सूर्य-तिलक'...



अयोध्या। आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच से पहले गुरुवार को मुंबई के स्टार खिलाड़ियों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। इनमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा शामिल हैं। सूर्या और दीपक पत्नियों के साथ नजर आए। सभी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें साझा कीं। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य-तिलक (सूर्य की रोशनी का भगवान के माथे पर चमकना) भी होगा।

## खबर संक्षेप



### सारा तेंदुलकर ने खरीदी क्रिकेट टीम

नई दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर देश के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में शामिल हैं। उन्हें देश में क्रिकेट का भगवान कहा जाता है। सचिन के कारण ही उनके परिवार का भी इस खेल से खास नाता है। उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर क्रिकेट खेलते हैं तो वहीं उनकी बेटी सारा ने भी अब इस दुनिया में कदम रख दिया है। सारा तेंदुलकर ने क्रिकेट टीम खरीदी है। सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि उन्होंने क्रिकेट टीम खरीदी है जो कि मुंबई से जुड़ी है। सारा ने ग्लोबल इ-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फैंचाइजी को खरीदा है। लीग ने इसका ऐलान किया।

### मनीष, हितेश, अभिनाश सेमीफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अभिनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है।




### यूटीटी में कोचिंग में पदार्पण करेंगे पेइफर

नई दिल्ली। जर्मनी के विशेषज्ञ क्रिस पेइफर और एस रमन अहमदाबाद में 29 मई से 15 जून तक होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में कोचिंग में पदार्पण करेंगे। इनके अलावा ट्रेनर पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जुबिन कुमार भी विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में मौजूद होंगे। पेइफर 2022 से शरत कमल अकादमी के मुख्य कोच हैं। वह अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के मेंटोर होंगे।

क्रिकेट

## सूर्यकुमार मुंबई को छोड़कर कहीं नहीं जा रहा : एमसीए



एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ ने गुरुवार को उन खबरों का खंडन किया कि सूर्यकुमार यादव अपने कुछ साथियों के साथ आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए गोवा जाने की योजना बना रहे हैं। एमसीए ने कहा कि भारत का टी20 कप्तान खेल के प्रत्येक प्रारूप में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के साथ कथित मतभेदों के कारण पहले ही मुंबई से गोवा जाने की घोषणा कर चुके हैं। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सूर्यकुमार अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई रणजी टीम छोड़ सकते हैं। असल में सूर्यकुमार ने खुद ही अपने एक्स हैंडल पर इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। एमसीए सचिव अभय हदाप ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट संघ को सूर्यकुमार यादव के कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ गोवा की टीम से जुड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों की जानकारी है। एमसीए के अधिकारियों ने आज सुबह सूर्य से बात की और हम पुष्टि कर सकते हैं कि ये अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। सूर्यकुमार यादव मुंबई की तरफ से खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह मुंबई का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं।'

### एक प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य



नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने 2025 सत्र की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए एथलीटों के लिए कम से कम एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता या ग्रां प्री जैसी देशव्यापी एकदिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि एथलीट पूरी तैयारी के साथ आएं या उनके प्रदर्शन में निरंतरता हो क्योंकि 27-31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन फेडरेशन कप में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा जिसका आयोजन 21-24 अप्रैल तक केरल के कोच्चि में किया जाएगा।


निशानेबाजी विश्व कप

### पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में वरूण पांचवें व रविंद्र छठे स्थान पर

ब्यूनस आयर्स। भारत के वरुण तोमर और रविंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां सत्र के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे। दोनों ने क्वालीफिकेशन में 580 के समान स्कोर के साथ सातवें और आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। रविंदर 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में अधिक निशाने लगाने के कारण एक स्थान आगे रहे। हालांकि दोनों, विशेषकर रविंदर आठ पुरुषों के 24 शॉट के फाइनल के शुरुआती चरण में पदक की होड़ में रहने के बाद क्रमशः 16वें और 18वें शॉट के बाद बाहर हो गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय सौरभ चौधरी 577 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में 16वें स्थान पर रहे। स्कीट प्रतियोगिताएं भी बृहस्पतिवार को शुरू हुई जिसमें क्वालीफाइंग के शुरुआती दो दौर में से प्रत्येक में 25-25 निशाने लगाने को मिले। महिलाओं की स्कीट में भारत की रेजा ढिल्लों ने 25 में से 25 निशाने लगाकर शानदार शुरुआत की और वह सबसे आगे चल रही हैं। शुक्रवार को दो फाइनल होने हैं जिसमें पुरुषों और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स (3पी) के पदक तय किए जाएंगे। दोनों स्पर्धाओं में भारत के तीन-तीन निशानेबाज चुनौती पेश करेंगे।

## बार्सिलोना और रियल मैड्रिड में होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड



बार्सिलोना ने बुधवार रात को यहां एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा।

बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल का पहला चरण 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जबकि बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।

### संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है भारत

एजेंसी ▸▸ संयुक्त राष्ट्र

भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।' हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव हैं।

लखनऊ बनाम पंजाब मैच को लेकर मेंटोर जहीर खान हुए थे नाराज

## होम ग्राउंड का रोना रो रही टीमें, बीसीसीआई ने दी हिदायत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आपीएल के 18वें सीजन में अबतक 14 मैच हुए हैं लेकिन कई मौके ऐसे भी आए हैं जब टीमें पिच की शिकायत करती दिखीं। शिकायत ये कि होम ग्राउंड पर खेलने के बाद भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि पिच उनके मनमाफिक क्यूरेट नहीं हुई है। ताजा मामला मंगलवार को हुए लखनऊ बनाम पंजाब मैच का है।

हार के बाद लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक बोल गए कि ऐसा लगा जैसे हमारे होम ग्राउंड की पिच को पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार किया है। अब इन शिकायतों को लेकर बीसीसीआई ने फ्रैंचाइजियों को ही हिदायत दी है कि वे अपनी जरूरतों को लेकर पिच क्यूरेटर को पहले ही बताएं, सीजन के बीच में नहीं।



### कई फ्रैंचाइजी नाराज

आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती दौर में ही होम ग्राउंड की पिच को लेकर कई फ्रैंचाइजी ने असंतोष जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स को मदद पहुंचाए। दिल्ली कैपिटल्स का मैनेजमेंट भी अपने शुरुआती दो होम मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाखुश है। कुछ ऐसा ही हाल चेन्नई सुपर किंग्स का भी जो होम पिच को लेकर खुश नहीं है। पंजाब के खिलाफ हार के बाद लखनऊ ने मेंटॉर जहीर खान ने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही पिच को लेकर अपनी नाखुशी का इजहार किया है।

### क्यूरेटर को पहले से बताएं टीमें

ऐसा लगता है कि बीसीसीआई आईपीएल मैचों की पिच को लेकर संतुष्ट है और उसे इनसे कोई दिक्कत नहीं है। बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बोर्ड का कहना है कि फ्रैंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में क्यूरेटर को अडवांस में बताएं क्योंकि ये एक हफ्ते के भीतर तो हो नहीं पाएगा।

### पिचें अबतक अच्छी

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'पिचें अबतक अच्छी रही हैं। वे ऐसी पिच की मांग कर सकते हैं जो गेंदबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचाए लेकिन इसके लिए फ्रैंचाइजी और क्यूरेटर्स के बीच में बेहतर संवाद की जरूरत है। यह आईपीएल सीजन में एक हफ्ते के भीतर नहीं हो सकता।'


### बीसीसीआई की गाउडलाइंस

बीसीसीआई की गाउडलाइंस के मुताबिक, पिच का नेचर क्या हो, इसमें न तो किसी फ्रैंचाइजी की चलेगी और न ही किसी खिलाड़ी की। क्यूरेटर को ऐसी पिच तैयार करनी है जिससे तेज गेंदबाजों को भी मदद मिले और स्पिनर्स को भी यानी इनमें अच्छा संतुलन बना रहे। कुछ टीमें होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं, पिच क्यूरेटर्स को बीसीसीआई की तरफ से दिए गए ये निर्देश ही हैं।

चिंतन

# भारत के लिए आपदा में अवसर है ट्रंप का टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है तो पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर ट्रंप ने 37 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने 180 से ज्यादा देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है और लगभग सभी देशों ने इससे निपटने की तैयारी भी कर ली है। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया तो बाकायदा इसके लिए आपसी गठजोड़ बनाने का ऐलान भी कर चुके हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अमेरिका फर्स्ट की और बढ़ता कदम बता रहे हैं, वहीं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह खुद अमेरिका के लिए घातक कदम होगा। न्यूयॉर्क के एक इन्वेस्टमेंट बैंक एवरकोर का अनुमान है कि अमेरिका में औसत टैरिफ दर बढ़कर 29 फीसदी हो गई है। बजट लैब की एक रिसर्च के अनुसार 1800 के दशक के अंत में टैरिफ 30 फीसदी से ज्यादा था, तब से अब तक यह सबसे ज्यादा है। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस कदम से 2025 में अमेरिका में मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अनेक देश जवाबी कदम उठा सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार युद्ध की स्थिति बन सकती है। हालांकि, ट्रंप कह रहे हैं कि यह टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करेगा। जहां तक भारत की बात है तो ट्रंप के इस कदम को देश के लिए कुछ नुकसान तो कुछ फायदे का माना जा रहा है। इस फैसले से भारतीय वस्त्र उद्योग को नुकसान होने की बजाय फायदा हो सकता है। अमेरिका ने वियतनाम, बांग्लादेश और चीन से आने वाले कपड़ों पर भारी टैक्स लगाया है। वियतनाम से आने वाले कपड़ों पर 46, बांग्लादेश पर 37 और चीन पर 34 फीसदी टैक्स लगाया गया है। इसके मुकाबले भारत को कम टैक्स देना पड़ रहा है, जिससे भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को फायदा मिल सकता है। हालांकि, भारतीय टेक्सटाइल उद्योग का योगदान देश की जीडीपी में केवल 2 फीसदी है, जबकि बांग्लादेश के लिए यह 11 और वियतनाम के लिए 15 प्रतिशत है। भारत अमेरिका को मुख्य रूप से दवाएं, टेलीकॉम उपकरण, रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम उत्पाद, सोना और सूती वस्त्र बेचता है। अमेरिका भारत से इन सामानों की बड़ी मात्रा में खरीदारी करता है, जिससे भारतीय उद्योगों को अच्छी कमाई होती है। दूसरी ओर, भारत अमेरिका से कच्चा तेल, कोयला, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और एयरोस्पेस से जुड़े उपकरण खरीदता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संतुलन में हमेशा असमानता रही है, क्योंकि भारत अमेरिका को ज्यादा सामान बेचता है और वहां से कम सामान खरीदता है। इस नए टैक्स का सबसे ज्यादा असर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण उद्योग पर पड़ेगा। अमेरिका हर साल भारत से लगभग 14 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स और 9 अरब डॉलर के गहने और रत्न खरीदता है। अब 27 फीसदी टैक्स लगने से भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिका में अपने उत्पाद बेचना महंगा हो जाएगा। इससे निर्यात में गिरावट आ सकती है और इन उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर भी संकट हो सकता है। हालांकि भारत की स्थिति बेहतर है। यह आपदा में अवसर जैसा है। हम चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम के अमेरिका निर्यात को अपने पाले में ला सकते हैं, जिससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



भारतीय सभ्यता
अखिलेश आर्येन्दु

# झूठा इतिहास सुधारने में 70 साल लगे

अंग्रेज इतिहासकारों के जरिए भारतीय इतिहास लेखन की निष्पक्षता और शुद्धता को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। अंग्रेजी राजसत्ता ने 19वीं शताब्दी में इतिहास के नाम पर इस तरह के षड्यंत्र, शरारत और मकड़जाल बुने जिससे यह साबित किया जा सके कि बहुसंख्यक हिन्दू (आर्य) यहां के मूल निवासी नहीं हैं बल्कि ये बाहर से आए हुए हैं। आर्य बाहर से आए थे या भारत के निवासी थे? इस सवाल का जवाब मिल गया है। हिसार जिले के राखीगढ़ी में हुई हड़प्पाकालीन सभ्यता की खुदाई में कई रहस्यों और भ्रम से पर्दा उठ गया है। राखीगढ़ी में मिले 500 साल पुराने कंकालों के अध्ययन के बाद जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्य यहीं के मूल निवासी थे।

किसी देश या जाति का इतिहास बदलकर उसकी संस्कृति, सभ्यता, भाषा जैसे तमाम क्षेत्रों की मौलिकता और सच्चाई को बदला जा सकता है। यदि किसी देश के लोगों को मानसिक रूप से गुलाम बनाए रखना है तो इतिहास बदलने से उत्तम कोई हथियार नहीं है। भारत की गौरवमयी सभ्यता, संस्कृति, अस्मिता और भाषा के साथ भी अंग्रेजों ने यही किया। इतिहास लेखन के नाम पर साम्प्रदायिकता फैलाने और देश के नागरिकों को मानसिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, भाषाई और शिक्षा के क्षेत्र में गुलाम बनाए रखने के लिए जैसी मनमानी अंग्रेज इतिहासकारों ने किया।

अंग्रेज इतिहासकारों के जरिए भारतीय इतिहास लेखन की निष्पक्षता और शुद्धता को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते रहे हैं। अंग्रेजी राजसत्ता ने 19वीं शताब्दी में इतिहास के नाम पर इस तरह के षड्यंत्र, शरारत और मकड़जाल बुने जिससे यह साबित किया जा सके कि बहुसंख्यक हिन्दू (आर्य) यहां के मूल निवासी नहीं हैं बल्कि ये बाहर से आए हुए हैं। उस समय का प्रसिद्ध जर्नल रायल पुरातत्त्व एशियाटिक सोसायटी जर्नल लंदन स्थित जिसका प्रकाशन भारतीय इतिहास तथा कालक्रम के मुताबिक ज्यादातर हिस्सा नागपुर से प्रकाशित हुआ था, में लिखा है कि सामान्य भारतीयों को भ्रमित करने के मकसद से आर्य-द्रविड़ जातियों के सिद्धांत की कल्पना लंदन की रायल एशियाटिक सोसायटी के बंद कमरे में 9 अप्रैल 1866 की सभा में की गई। इसे हर उस भारतीय को जानना चाहिए जो आर्य-द्रविड़ विभाजन के इतिहास को सच मानते हैं। इसके मुताबिक मिस्टर एडवर्ट टामस ने कहा 'आक्सस नदी से आर्यन आक्रामकों की लहरें अरियानिया प्रान्त तथा हिंदू कुश मार्ग से नीचे उतरीं। वे सबसे पहले पंजाब पहुंचे। उन्होंने सरस्वती नदी के किनारे ब्राह्मण संस्थाएं बनाईं और तक्षशिला में जाकर संस्कृत व्याकरण का निर्माण किया। जो वर्णमाला उन्होंने अरियानी प्रान्त में पणि (फिनीशियन) लोगों से हासिल की थी, उसका विस्तार करने में उन्हें भोजपत्रों को हासिल करने से बहुत मदद मिली। बाद में यह लिपि उत्तर भारत के राज्यों में चलती रही। जब उसे अधिक विश्वासनीय और योग्य स्थानीय लिपि पाली लिपि ने जैसा कि अशोक के शिलालेखों तथा लाट लेखों से सिद्ध होता है, जिससे ईसा पूर्व 250 के समय की लिपि भारतीय उपखंड में प्रस्थापित हुई या प्रचलित हुई तो आर्य लोग अपनी भाषा के लिए कोई लिपि न खोज सके। वे जिस प्रान्त के सम्पर्क में आए उसी से उन्होंने अपना काम चलाया। इस तरह पुरानी संस्कृत की जगह नई संस्कृत आई। उसके लिए उन्होंने देवनागरी लिपि बनाई जो पूर्व में तुराणी उप-भाषाओं की मूललिपि थी। अंग्रेज ईसाइयों का यह ऐसा तथाकथित अनुसंधान था जिसका कोई तथ्य तर्क और प्रमाण दुनिया के किसी पुस्तक, जर्नल या सभ्यता में नहीं मिलता है। इसी तरह दक्षिण भारतीयों को अलग इकाई मानने की कल्पना की शुरुआत ईस्वी सन् 1700 के आस-पास फ़ादर बार्थलोम्य जिगेलवर्ग ने किया। उसकी पुष्टि आर्य जाति की कल्पना के जनक एडवर्ट टामस ने 1766 में की। लेकिन उस द्रविड़ शब्द की कल्पना नहीं हुई थी। 150 सालों तक द्रविड़ भाषा या वंश के अस्तित्व का कोई प्रमाण नहीं मिला। अब यह प्रमाणित हो गया है



कि यह ईसाई पादरी भाषा शास्त्रियों की कल्पना और शरारत है। लेकिन इससे पादरियों को तमिल लोगों में अलगाव की भावना को उभारने में बड़ी सफलता मिली है। उत्तर व दक्षिण के विभाजन के शरारती मकसद से दक्षिण वालों के दिमाग में उन्होंने यह बिठा दिया कि उत्तर वाले हिंदीभाषी लोग तुम्हारे परम्परागत दुश्मन हैं जिन्होंने तुम पर अनेक तरह के अत्याचार करके तुम्हें दक्षिण की तरफ धकेल दिया। शुरू से ही पादरी इस कोशिश में लगे रहे कि किस तरह उत्तर और दक्षिण भारतीयों में नफरत की आग धधकाई जाए। मेरी यह बात इससे भी सिद्ध होती है कि 1876 में बम्बई के गवर्नर लार्ड री ने प्रिंस आफ़ वेल्स के सामने ईसाई मिशनरियों का शिष्टमंडल मिला। उसने लार्ड से कहा-जितना काम आप के सिपाही, जज, गवर्नर आदि सब मिलकर नहीं कर रहे, उससे कहीं ज्यादा काम वे पादरी कर रहे हैं। द्रविण एक जाति और संस्कृति के रूप में इतिहास का एक ऐसा हिस्सा स्थाई रूप से निर्मित किया गया जो भारत की अखंडता को तार-तार करने के रूप में सामने आया।

द्रविड़ शब्द गढ़कर दक्षिण उत्तर (आर्य-द्रविण) में विभाजन की अमिट रेखा खींच दी गई। लेकिन वहीं दूसरी तरफ भाषाशास्त्री जार्ज ग्रीयरसन ने साफ-साफ लिखा कि यह द्रविड़ शब्द खुद संस्कृत शब्द द्रमिल या दमिल का बिगड़ा रूप है और महज तामिल के लिए इस्तेमाल होता है। एनसीआरटी और आरटी में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रमणकारी नहीं बल्कि भारतीय मूलनिवासी के रूप में जाने जाएंगे। 21 साल की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद अंततः यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रम में शामिल करने का श्रेय भी राखीगढ़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध प्रो. वसंत शिंदे को जाता है। इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईंट, मोती और हड्डियां, हड़प्पा नामक पाठ में आर्य सभ्यता के भारतीय होने सम्बंधी संशोधन कर किए गए हैं। इसके अलावा एनसीईआरटी की कक्षा 7,8,10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। आर्यों के भारतीय होने सम्बंधी पहला शोध स्टैनफोर्ड युनिवर्सिटी के टॉमस कीवीशल्ड ने किया था।

2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्नूमन जेनेटिक में प्रकाशित इस शोध में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के जीन के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में बीएचयू के पूर्व कुलपति स्व. प्रो. लालजी सिंह और प्रो धर्मराज के शोध में इसका खंडन किया गया था। इस शोध दल का दावा था कि भारत में उनसेस्ट्रल साउथ इंडियन 60 हजार साल और उनसेस्ट्रल नॉर्थ इंडियन जीन 40 हजार साल पुराने हैं। इस आधार पर आर्यों को बाहर से आया हुआ बतलाया गया था। इसके बाद भी इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष में दुनियाभर में कई अध्ययन हुए। आर्य बाहर से आए थे या यहीं (भारत) के निवासी थे? इस सवाल का जवाब मिल गया है।

दरअसल, हिसार जिले के राखीगढ़ी में हुई हड़प्पाकालीन सभ्यता की खुदाई में कई रहस्यों और भ्रम से पर्दा उठ गया है। राखीगढ़ी में मिले 500 साल पुराने कंकालों के अध्ययन के बाद जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्य यहीं के मूल निवासी थे। बाहर से नहीं आए थे। यह भी पता चला है कि भारत के लोगों के जीन में पिछले हजारों सालों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। इस शोध के अनुसार आर्यन्स भारत के ही मूल निवासी थे। इसे लेकर वैज्ञानिकों ने राखीगढ़ी में मिले नरकंकालों के अवशेषों का डीएनए जांच किया था। डीएनए जांच से पता चला है कि यह रिपोर्ट से मेल नहीं खाती है। ऐसे में जाहिर है कि आर्यों का बाहर से आने का सिद्धांत ही गलत साबित हो जाता है।

(लेखक साहित्यकार , वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विमर्श
विनोद पाठक



# क्या योगी आदित्यनाथ दे रहे कोई संकेत!

भाजपा समर्थक अक्सर यह नारा देते हैं कि मोदी के बाद योगी। नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक बड़ा वर्ग प्रोजेक्ट करता आ रहा है। पिछले 8 साल से योगी आदित्यनाथ आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एक नए मॉडल के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश को पेश किया है, लेकिन अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए सबको चौंका दिया कि राजनीति उनके लिए महज एक कोई फुल टाइम जॉब नहीं है, असल में वह एक योगी हैं, जब तक वह यहां हैं, काम कर रहे हैं। आखिर इस बयान के पीछे योगी आदित्यनाथ की क्या मंशा हो सकती है? यह सत्य है कि वह गोरखनाथ मठ के गोरक्षपीठाधीश्वर हैं और अक्सर लखनऊ छोड़कर गोरखपुर में अपने मठ चले जाते हैं। यह सिलसिला उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनका यह बयान क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे समर्थकों के लिए एक झटका है या भारतीय जनता पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी खींचतान या वो संघ और पार्टी को कोई संकेत दे रहे हैं? वर्तमान में योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का बड़ा चेहरा है। फायर ब्रांड नेता हैं। देशभर में भाजपा उन्हें प्रचार के लिए भेजती है और उनकी सबसे अधिक डिमांड रहती है। अपने सख्त प्रशासनिक कौशल को लेकर उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि वह उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बहुमत की सरकार चला रहे हैं। वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, लेकिन क्या ऊपर से जो दिख रहा है, वो उतना सरल है? शायद नहीं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर यदि नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा धक्का लगा था। यह माना गया कि योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए पार्टी के भीतर ही राजनीतिक खेल चले और प्रदेश में पार्टी की सीटें सिमटकर रह गईं। योगी आदित्यनाथ के सुझाए नेताओं को टिकट नहीं मिला। आदित्यनाथ का एक लंबा राजनीतिक करियर है। वर्ष 1998 में महज 26 साल की उम्र में वह गोरखपुर से सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचे थे। उन्होंने लगातार पांच लोकसभा चुनावों में गोरखपुर से जीत हासिल की। उनका अंदाज आज भी नहीं बदला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि योगी आदित्यनाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी का रुख क्या है? आज उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य न होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले दिनों प्रयागराज में सफल महाकुंभ मेले के आयोजन बाद योगी आदित्यनाथ की फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की बात कह रहे हैं। अपराध मुक्त और समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना दिखाकर योगी आदित्यनाथ दिल्ली की कुर्सी पर नजर रखते हैं, ऐसा उनके विरोधी भी मानते हैं। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक साक्षात्कार में कहा था कि यदि योगी आदित्यनाथ दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। उनके आलोचक कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की रुचि लखनऊ से अधिक गोरखपुर के गोरखनाथ मठ में रहती है। क्या यह माना जाए कि योगी आदित्यनाथ कोई संकेत दे रहे हैं? क्या उत्तर प्रदेश या कहें कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में कुछ उथल-पुथल चल रही है, जो बाहर से नहीं दिख रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में संघ मुख्यालय गए थे। वहां क्या चर्चा हुई? यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह बयान उसके बाद ही आया है। हालांकि, योगी आदित्यनाथ संघ के हर पैमाने पर फिट बैठते हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। शासन चलाने का कौशल वह जानते हैं। हिंदुत्व का बड़ा चेहरा हैं। क्या यह मान लिया जाए कि योगी आदित्यनाथ ने यह जो बयान दिया है, वो महज अकस्मात है। वह केवल यह बता रहे हैं कि जब तक उन्हें दायित्व मिलता रहेगा, वह राजनीति करते रहेंगे।फिलहाल उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को विपक्ष की ओर से कोई बहुत बड़ी चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार फिर विपक्ष से दो-दो हाथ करते हुए नजर आने वाले हैं। आज की तारीख में वह बेहद मजबूत स्थिति में नजर आते हैं। स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ राजनीति को भले फुल टाइम जॉब न कहें, लेकिन उन्होंने पार्टी और संघ को इशारों में कुछ संकेत जरूर दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है। ध्यान साधारणतया दृश्य से जुड़ा है।


## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हमारा देश चीन से मुकाबला कैसे करेगा?**

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *- गोविंद रावत, धमतरी*

### करंट अफेयर

## अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से हंगरी के हटने की योजना

हंगरी ने गुरुवार को कहा कि वह युद्ध अपराध और जनसंहार के लिए दुनिया के एकमात्र स्थायी वैश्विक न्यायाधिकरण से हटने की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान के चीफ ऑफ स्टाफ गेरगेली गुलेयास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'हंगरी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से हटेगा। सरकार संवैधानिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे के अनुसार बृहस्पतिवार को वापसी की प्रक्रिया शुरू करेगी।' यह घोषणा ऐसे समय में की गई जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पहुंचे हैं। गाजा पट्टी में युद्ध के लिए उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी है। ओरबान के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने नवंबर में नेतन्याहू को यह निमंत्रण दिया था, वहीं नीदरलैंड के हेग स्थित आईसीसी ने मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप में उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। नेतन्याहू के करीबी सहयोगी ओरबान ने गिरफ्तारी वारंट को 'निंदनीय' करार दिया था।



### ऑफ बीट

## अमेरिका की योजना युद्ध के लिए रोबोट तैयार करने की

अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है। पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है। विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है। बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो स्वयं अधिक सक्षम, सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई है। हाल ही में, ध्यान इस बात पर प्रयोग करने पर केंद्रित हो गया है कि युद्ध में इनका सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दिखा दिया है कि वास्तविक दुनिया में तैनाती के लिए प्रौद्योगिकी तैयार है। बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने और उन पर हमला करने के लिए रोबोट हवाई वाहन का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।



### ट्रेंड

**रामायण का आकर्षक प्रदर्शन**



थाई रामायण, रामकियेन का आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रामायण वास्तव में एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**अटल कैंटीन**



झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा करने के लिए अटल कैंटीन के लिए 100 करोड़ का बजट आवंटित किया। अटल जी की जन्म शताब्दी पर 100 स्थानों पर कैंटीन खोली जाएंगी।
- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

**प्रधानमंत्री जवाब दें**



प्रधानमंत्री जवाब दें कि सरकार चीन द्वारा अतिक्रमण किए 4,000 वर्ग किलोमीटर को कैसे वापस लेगी या अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक रूप से विनाशकारी 26% टैरिफ का जवाब कैसे देगी?
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

**लोकतांत्रिक तकनीक**



भारत रचनात्मकता से भरपूर है। सिर्फ तथाकथित 'पिरामिड' के शीर्ष पर ही नहीं बल्कि निचले स्तर पर भी, जहां लोग सक्रिय रूप से बदलाव की तलाश कर रहे हैं। एआई दुनिया की पहली सच्ची लोकतांत्रिक तकनीक है।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बंगाल में 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

## हमारे विचार से यह ऐसा मामला है जिसे सुधारा नहीं जा सकता

### न्यायालय ने प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण करार दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध करार दिया और पूरी चयन प्रक्रिया को 'त्रुटिपूर्ण और विकृत' करार दिया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के 22 अप्रैल, 2024 के फैसले को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा, ''हमारे विचार से, यह ऐसा मामला है जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण रही है, जिसे सुधारा नहीं जा सकता। बड़े पैमाने पर हेरफेर और धोखाधड़ी के साथ-साथ मामले को छिपाने के प्रयासों ने चयन प्रक्रिया को इतना नुकसान पहुंचाया गया है कि इसमें सुधार नहीं किया जा सकता।'

**ममता बनर्जी बोलीं- व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं**

### 127 याचिकाओं पर फैसला सुनाया

कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर दाखिल 127 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''चयन की विश्वसनीयता और वैधता कम हो गई है, और तदनुसार, हमें इसे (उच्च न्यायालय के आदेश को) कुछ संशोधनों के साथ बरकरार रखना होगा।'' फैसला सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जिन कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द की गई हैं, उन्हें अब तक अर्जित वेतन और अन्य भत्ते वापस करने की जरूरत नहीं है।



### एक दिव्यांग कर्मचारी को छूट दी

शीर्ष अदालत ने मानवीय आधार पर एक दिव्यांग कर्मचारी को भी छूट देते हुए कहा कि वह नौकरी में बनी रहेंगी। पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने के उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तारीख तय की है। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है। शीर्ष अदालत ने 10 फरवरी को मामले से संबंधित कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और कहा कि जिन लोगों को गलत तरीके से नौकरी मिली है, उन्हें हटाया जा सकता है।

**संवेदनशील मामला :** शीर्ष अदालत ने पिछले साल 19 दिसंबर को अंतिम सुनवाई शुरू की और राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले 15, 27 जनवरी और 10 फरवरी को सभी पक्षों की दलीलें सुनीं। ओएमआर शीट से छेड़छाड़ और अन्य अनियमितताओं का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में राज्य द्वारा संचालित और सरकारी-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था।

### 2016 की भर्ती प्रक्रिया में हुई थी अनियमितताएं

पिछले साल सात मई को शीर्ष अदालत ने राज्य के स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई नियुक्तियों को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने सीबीआई को मामले की जांच जारी रखने की अनुमति दी। यह मामला पश्चिम बंगाल एसएससी द्वारा आयोजित 2016 की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है, जिसमें 24,640 पदों के लिए 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे और कुल 25,753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। शीर्ष अदालत ने इसे ''व्यवस्थित धोखाधड़ी'' करार दिया था। पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य एवं जीवन कृष्ण साहा भर्ती घोटाले में जांच के दायरे में आने वाले आरोपियों में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### शाह इस महीने बिहार बंगाल और तमिलनाडु का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस महीने बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के दौरे पर जाएंगे और इसके बाद उनका नियमित तौर पर इन राज्यों में जाने का कार्यक्रम है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी सत्ता बनाए रखने की कोशिश करेगी।

### जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-मेल से दी गई है। इसके बाद पुलिस के बम निरोधक दस्ते और एटीएस की टीम ने कलेक्ट्रेट में तलाशी ली। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम विस्फोट करने की धमकी फर्जी पाई गई।



### खंडवा में कुएं में जहरीली गैस से 8 लोगों की मौत

**खंडवा।** कुएं में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण 8 लोगों की मौत हो गई। करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी 8 शव कुएं से बाहर निकाल लिए गए हैं। घटना जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव की है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन को लेकर अर्जुन नाम का शख्स कुएं की सफाई करने उतरा, जो जहरीली गैस के कारण बेसुध होकर कुएं में जमा दलदल में डूब गया।

## राज्यसभा में चर्चा के दौरान घमासान, सरकार और विपक्ष में खींचतान

# वक्फ बिल में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी और एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव किए : किरेन रिजिजू

### बिल के जरिए गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। बिल को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। जहां सरकार ने इसे राष्ट्र हितैषी बताया वहीं विपक्ष ने इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ और असंवैधानिक करार दिया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है। इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया।

**वक्फ बिल के विरोध में जदयू नेता ने छोड़ी पार्टी**



### सरकार अच्छे उद्देश्य के साथ लायी है वक्फ संशोधन विधेयक : देवेगौड़ा

राज्यसभा में बृहस्पतिवार को जनता दल (एस) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने कहा कि सरकार वक्फ संशोधन विधेयक एक अच्छे उद्देश्य से लेकर आयी है तथा दानदाताओं की संपत्ति का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। उच्च सदन में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने कहा कि वह इस विधेयक को लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि दानदाताओं की संपत्ति का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए या उसे भूमि माफिया के हाथों में नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस विधेयक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि लोगों ने जिस उद्देश्य के लिए संपत्ति दान की है, उसका उपयोग उसी मकसद के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सोचने की बात है जिस पार्टी का चालीस साल तक अल्पसंख्यकों ने साथ दिया, आज क्यों उनका साथ छोड़ दिया?

### सारी संपत्ति बेच ली फिर सरकार की नजर वक्फ पर पड़ी : रामगोपाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता रामगोपाल यादव ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जब उसने देश की सारी संपत्ति बेच ली तब उसकी नजर वक्फ की संपत्ति पर गयी। उच्च सदन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए सपा नेता ने कहा कि 2014 से 2024 तक सरकार को याद नहीं रहा कि वक्फ के पास कितनी संपत्ति और कितना पैसा है। उन्होंने कहा, ''...जब सारी संपत्ति बेच ली तब देखा कि कहां (संपत्ति) बची है। ऐसा मत कीजिए।'' यादव ने कहा कि सभी लोग मिल कर काम करेंगे तभी देश की तरक्की हो सकती है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए और मुसलमानों को यह नहीं लगे कि उनके साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की बात पर भरोसा करना कठिन है क्योंकि उसने अतीत में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। ऐसे में सरकार पर कोई भरोसा कैसे कर सकता है? यादव ने विधेयक के प्रावधानों पर संदेह जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का उदाहरण सामने है जहां लोगों को नमाज अदा नहीं करने दिया गया, यहां तक कि लोगों को अपनी छतों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी गयी।



### बिल जबरन पारित किया गया : सोनिया

सोनिया गांधी ने गुरुवार को कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की बैठक में कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में जबरन पारित करवाया है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी रूप से तोड़ने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। सोनिया ने कांग्रेस सांसदों से कहा- मोदी सरकार देश को रसातल में ले जा रही है। वह संविधान को ध्वस्त करना चाहते हैं। संविधान केवल कागजों पर रह जाएगा। वन नेशन-वन इलेक्शन बिल भी संविधान का एक और उल्लंघन है। हम इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस सांसद मोदी सरकार की भारत को निगरानी राज्य में बदलने की मंशा को उजागर करें।



### शाह ने विपक्ष की भ्रांतियों को ध्वस्त किया : शाहनवाज

भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कल अपने भाषण से शाह ने विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा- विपक्ष इस विधेयक पर केवल लोगों को गुमराह करने का काम कर रहा है। यह विधेयक राज्यसभा में भी पारित होगा। पीएम मोदी ने अपना वादा पूरा किया है।

### वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, इसके खिलाफ उपलब्ध हर मंच पर लड़ेंगे लड़ाई : माकपा

**मदुरै (भाषा)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नेता वृंदा करात ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को संविधान पर हमला करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी इसके खिलाफ लड़ने के लिए सभी उपलब्ध मंचों का इस्तेमाल करेगी। माकपा नेता तमिलनाडु के मदुरै में 24वीं पार्टी कांग्रेस के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इस दौरान विधेयक के खिलाफ अपनी पार्टी के रुख को दोहराया। करात ने कहा, ''हमारा मानना है कि यह भारत के संविधान पर हमला है।'' उन्होंने कहा कि यदि मुद्दा केवल वक्फ बोर्ड के कामकाज का होता तो मुस्लिम समुदाय के साथ परामर्श करके सुधार पेश किए जा सकते थे।



### सरकार की नजर वक्फ की जमीन पर, अगला निशाना मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति हो सकती है : उद्धव

शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केंद्र सरकार की नजर वक्फ बोर्ड की जमीन पर है और अगला निशाना मंदिरों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों की जमीन हो सकती है। उद्धव ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के कुछ घंटे बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी इस विधेयक पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कपटपूर्ण रुख और ''वक्फ की जमीन छीनकर अपने उद्योगपति मित्रों को देने की उसकी चाल'' का विरोध करती है।



### भाजपा सांसद बोले- अगर मुस्लिम हमें वोट नहीं देते तो क्या उनका विकास नहीं होना चाहिए

भाजपा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा- पीएम मोदी ने भाजपा सांसदों की मीटिंग में कहा था कि लोग कहते हैं कि मुसलमान हमें वोट नहीं देते। नहीं, मुस्लिम हमें वोट देते हैं। अगर वोट मुस्लिम हमें वोट नहीं देते तो क्या वे इस देश के नागरिक नहीं हैं। क्या उनका भी विकास नहीं होना चाहिए। क्या मुसलमानों का विकास हुए बिना देश के विकास का सपना साकार हो सकता है। पीएम मोदी ने ये बात चुनाव से 6 महीने पहले कही थी।



### वक्फ़ विधेयक अल्पसंख्यकों के हितों के खिलाफ यह मौलिक अधिकारों का हनन : तृणमूल

राज्यसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस ने वक्फ़ संशोधन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि यह विधेयक संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने के साथ ही राज्यों के अधिकारों को भी प्रभावित करता है। उच्च सदन में वक्फ़ संशोधन विधेयक, 2025 पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक ने कहा कि यह विधेयक सिर्फ मुसलमानों से ही नहीं बल्कि पूरे देश से जुड़ा है और यह मौलिक अधिकारों का हनन भी करता है। उन्होंने इस विधेयक को गैर-जरूरी कदम बताया और कहा कि यह असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के हितों के खिलाफ है।



## मराठा योद्धा का जन्मदिन: आरएसएस प्रमुख ने कहा

# हनुमान हमारे पौराणिक और शिवाजी आधुनिक आदर्श, 'युगपुरुष' : भागवत

### 'युगांधर शिवराय' का विमोचन किया

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को होती है। वे मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे और अपने कुशल प्रशासन, युद्धनीति और स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रसिद्ध हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में 'युगांधर शिवराय' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए हनुमान पौराणिक युग के आदर्श हैं और शिवाजी महाराज आधुनिक युग के आदर्श हैं। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज ऐसे आक्रमणों का मजबूत जवाब देने वाले पहले योद्धा थे।

### भारत की लगातार पराजय के युग को बदला



भागवत ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार परास्त होने का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ ही समाप्त हो गया क्योंकि उन्होंने अपने पराक्रम से इन समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने भारत की लगातार पराजय के युग को बदल दिया और आगे का रास्ता दिखाया।

**सिकंदर के हमले से भारी क्षति हुई :** संघ प्रमुख ने इतिहास को याद करते हुए कहा कि भारत में हार का सिलसिला सिकंदर के हमले से शुरू हुआ और देश में इस्लाम फैलाने के नाम पर होने वाले हमलों तक जारी रहा। जब 17वीं शताब्दी शुरू हुआ तो शिवाजी इस समस्या का समाधान लेकर आए।

## आंदोलन को लेकर किसान नेता ने किया ऐलान

# 129 दिन बाद गांव लौटकर डल्लेवाल ने कहा- झुकेंगे नहीं, लड़ाई चलेगी

### फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे

एजेंसी ▶▶ फरीदकोट

पंजाब के पटियाला के निजी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बीकेयू एकता सिद्धूपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल वीरवार को फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे। किसान नेता डल्लेवाल पूरे 129 दिन बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे। इससे पहले वे 25 नवंबर को अपने गांव से खनौरी बॉर्डर के लिए आमरण अनशन के लिए निकले थे। गांव पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

### किसान महापंचायत का आयोजन किया गया



गांव डल्लेवाला में भाकियू एकता सिद्धूपुर की अगुवाई में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार की तरफ से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों के मोर्चे जबरन खत्म करवाए जाने का निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही आने वाले दिनों में किसानों की मांगों को लेकर संघर्ष को और तेज करने का बड़ा ऐलान भी किया गया।

**मान सरकार ने छुरा घोंपा :** पंजाब की मान सरकार ने धोखे से किसानों की पीठ में छुरा घोंपा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बैठक के लिए बुलाकर किसानों को गिरफ्तार किया गया हो।

**आजम खान को राहत, गिरफ्तारी पर रोक लगी :** प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामपुर जिले के गंज थाना में 2007 में दर्ज एक मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

### अब देश में हथौड़ी छाप नहीं बल्कि यूरोपीय मानकों पर बनेंगी बसें : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अब वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब भारत की सड़कों पर सामान्य की बजाय यूरोपीय मानकों के तहत तैयार की गई बसें दौड़ेंगी। गुरुवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान इसकी पुष्टि खुद केंद्रीय सड़क-परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की। उन्होंने कहा, अब देश में हथौड़ी छाप बसें नहीं बल्कि यूरोपीय मानकों के तहत बसें बनाई जाएंगी। इसके अलावा सड़कों पर आने वाले नए ट्रक भी एयरकंडिशन होंगे। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री ने सदन में सांसद मणिकम टैगोर, विजयकुमार वसंत और राजीव राय द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में देश में 22 लाख प्रशिक्षित ड्राइवरों की कमी है। वहीं सालाना होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले करीब 1 लाख 80 हजार लोगों में से 30 हजार लोग ड्राइवरों की गलती की वजह से मारे जाते हैं।

## सिर्फ दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड मिलेगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली सरकार की मुफ्त बस यात्रा योजना सिर्फ उन महिलाओं के लिए उपलब्ध होगी, जो राष्ट्रीय राजधानी में रहती हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने के लिए 'स्मार्ट कार्ड' जारी करने की कवायद शुरू करने जा रहा है, जो 'आजीवन' वैध रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड पाने की इच्छुक महिलाओं के लिए जल्द ही पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह कदम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर गुलाबी टिकट योजना के तहत भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। गुप्ता ने कहा था, ''हम महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं... भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम महिलाओं के लिए डिजिटल यात्रा कार्ड शुरू करेंगे, जो उन्हें सरकारी बसों में कभी भी स्वतंत्र रूप से मुफ्त यात्रा करने की सुविधा देगा, जिससे टिकट से जुड़ा 'गुलाबी भ्रष्टाचार' खत्म हो जाएगा।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि दक्षता बढ़ाने के लिए टिकट प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल किया जाएगा। गुप्ता ने कहा था कि संपूर्ण प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाएगा और पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा त्रुटिपूर्ण योजनाओं में सुधार किया जाएगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (क्रमश) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए गुरूग्राम | 1.द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ रिसाइकिल पाइपलाइन को विभिन्न स्थानों पर स्थानांतरित करना, 1500 मिमी और 1600 मिमी आई/डी एम.एस. पाइप और 1800 मिमी आई/डी एम.एस. केसिंग पाइप प्रदान करना और बिछाना, हरसारू चौक को पार करने के लिए ट्रेंचलेस, सभी प्रकार से पूर्ण और अन्य सभी कार्य (3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटिपूर्ण देयता अवधि सहित) 2. मौजूदा 100 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अपग्रेडेशन जिसमें डिजाइनिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, फायर पंप की कमीशनिंग, आईआर सम्प, ओवरफ्लो सम्प, स्लुइस वाल्व, एनआरवी, मिक्सर, एमएस पाइप, डिफ्यूजर, ब्लोअर, पंप, मरम्मत और रखरखाव शामिल है 2 अदद बायो गैस इंजन और बायोगैस स्क्रबर यूनिट जिसमें एक वर्ष की त्रुटिपूर्ण अवधि शामिल है और डिजाइनिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग 75 एमएलडी क्षमता वाले टरटियरी उपचार संयंत्र जिसमें उपचारित जल शामिल है, समीकरण टैंक, अपशिष्ट जल सम्प, इनलेट कक्ष, इनलेट चैनल, फ्लैशमिक्सर, फ्लोक्यूलेटर, झुकाव ट्यूब सेटलर्स, फिल्टर, आउटलेट चैनल, फिल्टरबेड, फिल्टरहाउस, क्लोरीन साफ पानी का टैंक, रासायनिक घोल इत्यादि सभी प्रकार से पूर्ण ट्रांसफार्मर, विद्युत, यांत्रिक, पाइपिंग और इंस्ट्रूमेंटेशन कार्य, आरसीसी प्लेटफॉर्म, सड़क और पेवमेंट्स का निर्माण और उससे संबंधित आकस्मिक कार्य सहित 12 महीने की त्रुटिपूर्ण अवधि के बाद 5 वर्षों के लिए मरम्मत और रखरखाव। | 28.03.2025 18.04.2025 | 17,43,62,627/- | https://www.gmda.gov.in | 9729265648 xen4infra2.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/100/33592/I/88/6 दि. 03.04.25

**उत्तर रेलवे**

**''एक स्टेशन एक उत्पाद'' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) **कुल दस (12) स्टॉल:** दिल्ली, रोहतक, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, करनाल, गन्नौर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, मुजफ्फरनगर, पानीपत, पटौदी रोड और गुड़गांव स्टेशनों पर।

ख) **कुल सत्रह (34) ट्राली:** जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, नरेला, ओखला, पालम, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, खतौली, मुरादनगर, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- रोहतक, करनाल, गन्नौर, मुजफ्फरनगर, गुड़गांव, पटौदी रोड से मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा और परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.04.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एंव 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: **www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023.pdf** पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1010/25

## मोहम्मद यूनुस के बयान पर एस. जयशंकर का पलटवार

# भारत के पास सबसे लंबी तटरेखा, पांच बिम्सटेक सदस्यों के साथ करते साझा, पूर्वोत्तर क्षेत्र बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ बैंकॉक

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस के विवादास्पद बयान पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बोलते हुए गुरुवार को कहा कि भारत की बंगाल की खाड़ी से लगी हुई लगभग 6,500 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा है। भारत न केवल पांच बिम्सटेक सदस्यों के साथ सीमा साझा करता है, बल्कि उनमें से अधिकांश को जोड़ता है, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप और आसियान के बीच बहुत अधिक इंटरफेस भी प्रदान करता है। हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष रूप से बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब के रूप में उभर रहा है, जिसमें सड़कों, रेलवे, जलमार्गों, ग्रिड और पाइपलाइनों का असंख्य नेटवर्क है।त्रिपक्षीय राजमार्ग के पूरा होने से पूर्वोत्तर प्रशांत महासागर से जुड़ जाएगा। बिम्सटेक विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को 20वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान समुद्री परिवहन सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।

त्रिपक्षीय राजमार्ग के पूरा होने से जल्द ही भारत को पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रशांत महासागर से जुड़ जाएगा

जयशंकर ने कहा कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष रूप से बिम्सटेक के लिए एक कनेक्टिविटी हब के रूप में उभर रहा है, जिसमें सड़कें, रेलवे, जलमार्गों, ग्रिड और पाइपलाइनों का असंख्य नेटवर्क है।

### साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोधक उपाय, मानव तस्करी को रोकने के लिए बनाएं रूपरेखा




#### सहयोग एक साझा दृष्टिकोण

जयशंकर ने क्षेत्रीय संपर्क में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बिम्सटेक को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि हम यह भी मानते हैं कि सहयोग एक साझा दृष्टिकोण है, न कि चुनिंदा लोगों के लिए।

#### यूनुस ने बांग्लादेश को बताया था एकमात्र संरक्षक

*जयशंकर के इस बयान में भारत के पूर्वोत्तर के खास तौर पर जिक्र किए जाने को मोहम्मद यूनुस के लिए एक जवाब के रूप में देखा जा रहा है। यूनुस ने कुछ दिनों पहले चीन यात्रा के दौरान बांग्लादेश को इस क्षेत्र में 'महासागर का एकमात्र संरक्षक' बताया था, जबकि चीन से अपने देश में अपना आर्थिक प्रभाव बढ़ाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्य 'भूमि से घिरे' होने के कारण एक अवसर साबित हो सकते हैं।*

#### स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान दें

जयशंकर ने कहा कि बिम्सटेक देश अपनी ऊर्जा को सबसे प्रमुख एकीकरणों जैसे पावर ग्रिड कनेक्शनों, डिजिटल अवसंरचना, व्यावसायिक गतिविधियों, समुद्री और भूमि परिवहन, ब्लू इकोनॉमी, और स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य को देखते हुए, प्रौद्योगिकी, स्टार्ट-अप और नवाचार अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने साइबर सुरक्षा, आतंकवाद निरोधक उपाय, मानव तस्करी, अवैध मादक पदार्थों के व्यापार और अन्य संबंधित गतिविधियों की गंभीरता पर ध्यान देने तथा इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार करने को भी कहा। उन्होंने पर्यटन को भी एक अन्य संभावित क्षेत्र के रूप में प्रोत्साहित किया।

#### बिम्सटेक भारत की तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक संयोजन

20वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि नई व्यवस्था मूल रूप से अधिक क्षेत्रीय और एजेंडा-विशिष्ट है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बिम्सटेक भारत की तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक संयोजन है: एक्ट ईस्ट नीति, पड़ोसी प्रथम दृष्टिकोण और महासागर दृष्टिकोण। इसके साथ ही यह देश की हिंद-प्रशांत प्रतिबद्धता का मार्ग भी है। उन्होंने बिम्सटेक सदस्य देशों से आग्रह किया कि वे मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में अनिश्चितता और अस्थिरता को देखते हुए संगठन के प्रति अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण अपनाएं।

---

## खबर संक्षेप

### हंगरी का आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान



**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं।

### म्यांमा भूकंप: मृतकों की संख्या बढ़कर 3,085



**बैंकॉक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।

### 14 अप्रैल को अंतरिक्ष में रवाना होंगी 6 महिलाएं



**न्यूयॉर्क।** अरबपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर आने वाले जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ऑरिजिन का नया शेपर्ड रॉकेट इतिहास रचने जा रहा है। इस रॉकेट की 11वीं मानव उड़ान की क्रू में केवल महिलाएं होंगी। छह शीर्ष महिलाओं के साथ 14 अप्रैल, 2025 को वेस्ट टेक्सास में लॉन्च साइट वन से यह उड़ान भरी जाएगी। इस मिशन का नाम एनएस-31 है। इस मिशन में कैटी पेरी, आयशा बॉवे, अमांडा न्यगेन, गेल किंग, कैरिन फ्लिन और लॉरेन सांचेज शामिल हैं।

### इस्तांबुल मेयर की कैद का विरोध 11 लोग गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्किये पुलिस ने गुरुवार को 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंदी और इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की कैद के विरोध में बीते दिन एक दिवसीय खरीदारी बहिष्कार का समर्थन किया था। इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने 16 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिन पर 'घृणा और भेदभाव' फैलाने का आरोप है। हिरासत में लिए गए लोगों में अभिनेता सेम यिगित उजुमोग्लू भी शामिल हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की डॉक्यूसीरीज में काम किया है।

---

### ट्रंप का ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ का ऐलान

## आज से होगा लागू, 600 अरब डॉलर आयात पर पड़ेगा असर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि सभी विदेशी वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ सालाना लगभग 600 अरब डॉलर के आयात पर लागू होगा। इतना ही नहीं, यह शुल्क अमेरिका में आयात होने वाले सभी कंप्यूटरों, जिनमें लैपटॉप भी शामिल हैं, पर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी एक फेडरल रजिस्टर नोटिस में दी गई, जिसमें टैरिफ कोड्स का विश्लेषण किया गया। इस बार लगभग 150 अलग-अलग ऑटो पार्ट्स को टैरिफ की सूची में शामिल किया गया है। ये शुल्क 3 मई से प्रभावी होंगे, जबकि वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल की आधी रात से लागू हो जाएगा। टैरिफ की सूची में इंजन, ट्रांसमिशन, लिथियम-आयन बैटरियां और अन्य प्रमुख ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं।

#### 10% बेसलाइन शुल्क भी लगाया

इसके अलावा, ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर एक बेसलाइन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का भी ऐलान किया है। कुछ देशों पर यह दर और भी ज्यादा होगी, ताकि गैर-टैरिफ ट्रेड बैरियर्स (यानी अन्य देशों द्वारा लगाए गए छिपे हुए व्यापारिक प्रतिबंध) का मुकाबला किया जा सके। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा शुल्क के अधीन आने वाले ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर भी अलग से बेसलाइन या रेसिप्रोकल ट्रैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दूसरे शब्दों में, ऑटो शुल्क उन नए रेसिप्रोकल ट्रैरिफ के साथ नहीं जुड़ेंगे, जो 5 अप्रैल से लागू होंगे।

#### और भी बढ़ सकते हैं टैरिफ

व्हाइट हाउस ने वाणिज्य विभाग को 90 दिनों के भीतर एक नई प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे घरेलू निर्माता यह अनुरोध कर सकें कि अन्य आयातित पुर्जों को भी टैरिफ सूची में जोड़ा जाए। यानी, भविष्य में और भी ज्यादा उत्पादों पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। जो वाहन यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते के नियमों के अनुसार अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं, उन्हें कुछ छूट दी जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ उस हिस्से पर लगाया जाएगा, जो अमेरिकी नहीं है।

---

### पीएम मोदी ने थाइलैंड समकक्ष पैतोंगतार्न शिनवात्रा से की मुलाकात, कहा

# हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं, आसियान का किया समर्थन

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से संबंधित हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान रहा है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को छठवें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए थाईलैंड पहुंचे। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पैतोंगतार्न शिनवात्रा से मुलाकात की। पीएम मोदी का बैंकॉक में गवर्नमेंट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने थाई पीएम शिनावात्रा से वार्ता की। इसके बाद पीएम मोदी और थाई पीएम शिनावात्रा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आसियान एकता और आसियान केंद्रीयता का पूर्ण समर्थन करता है। इंडो-पैसिफिक में, फ्री, ओपन, नियम-आधारित व्यवस्था का हम दोनों समर्थन करते हैं। हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से संबंधित हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान रहा है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है।

सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर की बातचीत

पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन संस्कृति, शिक्षा में सहयोग पर जोर




#### भूकंप में हुई जनहानि पर शोक जताया

पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

#### डाक टिकट जारी करने पर जताया आभार



पीएम मोदी ने कहा कि इस खूबसूरत स्वर्ण भूमि में मेरे और प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए मैं पीएम शिनावात्रा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि वे थाईलैंड सरकार के आभारी हैं। उनकी यात्रा के उपलक्ष्य में 18वीं शताब्दी की 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित एक खास डाक-टिकट जारी किया है। पीएम शिनावात्रा ने अभी मुझे त्रिपिटक भेंट की। बुद्ध भूमि भारत की ओर से इसे मैंने स्वीकार किया।

#### इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड की खास जगह

पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पैसिफिक विजन में थाईलैंड की खास जगह है। हमने अपने रिश्तों को स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटिजिक डायलॉग स्थापित करने पर बातचीत की। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम ने कहा कि साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को भारत भेजने में थाईलैंड सरकार के सहयोग को लेकर वे थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

---

### मुंबई में 1 से 4 मई को पहला वेव्स समिट

## भारत ने चिली को 'वेव्स-2025' के लिए दिया निमंत्रण, मनोरंजन क्षेत्र में करेंगे आपसी सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने चिली की संस्कृति, कला और विरासत मंत्री कैरोलिना आर्रेदोंदो से मुलाकात की। चिली की संस्कृति मंत्री राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की 5 दिन की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में हैं।

#### प्रतिनिधिमंडल संग की बैठक

एल. मुरुगन ने इस दौरान उन्हें आगामी विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। साथ ही उन्हें भारतीय पेंटिंग भेंट की। बैठक में चिली के प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया, जिनमें चिली के दूतावास में तृतीय सचिव मार्टिन मारमेज, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव लक्ष्मी चंद्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (फिल्म) डॉ. अजय नागभूषण एम.एन. शामिल रहे।

#### जियो वर्ल्ड में होगा आयोजन

भारत मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान रखता है, जहाँ देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैली प्रतिभाएँ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से आकर्षक विषय-वस्तु का निर्माण करती हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमओआईबी) प्रथम वेव्स समिट 1 से 4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित करने जा रहा है।

### ग्रीक द्वीप के पास पलटी नाव

## 4 की मौत, 23 सुरक्षित बचाव अभियान जारी

**एथेंस।** ग्रीस में तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही एक नाव बृहस्पतिवार सुबह पलट गई। ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चे- एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। तट रक्षक के अनुसार, लेसबोस द्वीप के उत्तरी तट पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मौसम साफ था। इसके बाद भी नाव पलटने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। नाव पर कितने लोग सवार थे, उनकी राष्ट्रीयता क्या थी, वह किस तरह के जहाज का इस्तेमाल कर रहे थे।



### अमेरिका में भयंकर तूफान से तबाही

## एक युवक की मौत, बिजली के खंभे और पेड़ धराशाई, घरों की छतें उड़ गईं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के राज्य अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी में भयंकर तूफान आया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक बारिश और तूफान की संभावना जताई है। अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के बड़े इलाके में भयंकर तूफान ने भारी तबाही मचाई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनें और पेड़ गिर गए। कई घरों की छतें तक उड़ गईं। मौसम विभाग ने देश के अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की थी।



#### कारें पलट गईं, बिजली हुई गुल

पुलिस ने बताया कि इंडियाना के लोवेल के पास पांच सेमीट्रक उड़ गए। राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि मिसौरी के पायलट ग्रोव में कई संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं, कारें पलट गईं और बिजली के खंभे टूट गए। अफसरों ने बताया कि अर्कांसस, मिसिसिपी, मिसौरी, इलिनोइस, केंटकी और टेनेसी में लगभग 90,000 घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं इंडियाना में 182,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं आई। अपर मिडवेस्ट में कर्मचारियों ने बिजली बहाल करने के लिए काम किया।

---

### सेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# राष्ट्र निर्माण और विकास में सेना की भूमिका अतुलनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के सम्मेलन के दौरान गुरुवार को भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, एचएडीआर, चिकित्सा सहायता से लेकर देश में स्थिर आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में सेना मौजूद है। राष्ट्र निर्माण और समग्र राष्ट्रीय विकास में भारतीय सेना की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड युद्ध सहित अपरंपरागत और असममित युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बन गए हैं। यह आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को योजना बनाते और रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

#### हाइब्रिड युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे

#### साइबर, सूचना, संचार, व्यापार संघर्षों का अभिन्न अंग



#### माउंट एवरेस्ट अभियान को दिखाई हरी झंडी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली से माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा के लिए अभियानों को हरी झंडी दिखाई। संयुक्त भारत-नेपाल अभियान का उद्देश्य माउंट कंचनजंगा पर चढ़ना है। इसमें भारतीय सेना के 12 पर्वतारोही और नेपाली सेना के छह पर्वतारोही शामिल होंगे। इसका नेतृत्व भारतीय सेना के कर्नल सरफराज सिंह करेंगे।




#### चुनौतियों का सामना करने गतिशील योजना तैयार करें

*रक्षा मंत्री ने राष्ट्र के 'रक्षा और सुरक्षा' दृष्टिकोण को नई ऊंचाइयों पर सफलतापूर्वक ले जाने के लिए सैन्य नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान गतिशील भू-रणनीतिक परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के साथ चल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए गतिशील योजना तैयार करें।*

### डोनाल्ड ट्रंप ने कैबिनेट को बताया

## एलन मस्क डीओजीई प्रमुख पद से देंगे इस्तीफा, कई कामकाज से नाखुश



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों से कहा है कि कैबिनेट के साथी एलन मस्क जल्द ही सरकार में अपनी भूमिका यानी डीओजीई प्रमुख पद से इस्तीफा दे देंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप अरबपति दिग्गज कारोबारी के कामकाज से खुश हैं और उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) में उनकी कोशिशों की तारीफ की हैं लेकिन दोनों ने अब फैसला किया है कि मस्क जल्द ही डीओजीई की जिम्मेदारी छोड़कर अपने कारोबार को संभालेंगे। ट्रंप प्रशासन के अंदरूनी सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर वेबसाइट को यह जानकारी दी है। हालांकि मस्क कब मंत्रिमंडल छोड़ेंगे, इस बारे में नहीं बताया गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्य और राष्ट्रपति के कुछ सहयोगी एलन मस्क के कामकाज के तरीके असंतुष्ट थे और उन्हें एक तरह से राजनीतिक बोझ समझ रहे थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25